शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:01 | सूर्यास्त: 18:24 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : श्रेष्ठ होकर भी साधारण बने रहना यह सर्वश्रेष्ठ गुण है।



भारत के नागरिकों व सेना के साथ छेड़खानी करने पर नतीजे भुगतने पड़ते हैं: अमित शाह पृष्ठ 7


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# किसी के सिर्फ बांग्ला बोलने पर बांग्लादेशी या रोहिंग्या कैसे कहा जा सकता है : ममता

## मुख्यमंत्री ने दूसरे राज्यों में काम कर रहे बांग्ला भाषी श्रमिकों को परेशान करने के लिए भाजपा पर फिर निशाना साधा



### केंद्र को दी चुनौती- बंगाल में 17 लाख रोहिंग्या हैं तो मुझे इसका प्रमाण दें

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन आरोप लगाया कि विभिन्न भाजपा शासित राज्यों में काम कर रहे बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को बांग्लादेशी घुसपैठिया बताकर हिरासत में लिया जा रहा है और उन्हें डिटेंशन कैंपों में बंद किया जा रहा है। ममता ने सरकारी मंच से आरोप लगाया कि यह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की मतदाता सूची से रोहिंग्या के नाम पर 17 लाख लोगों के नाम हटाने की भाजपा की एक चाल का हिस्सा है। कोलकाता के पास न्यूटाउन में सरकारी आवासीय परियोजना के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ममता ने कहा कि हमारे कुशल श्रमिकों को भाजपा शासित राज्यों में काम के लिए बुलाया जाता है, क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई बांग्ला में वहां बात करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। ममता ने कहा कि किसी को सिर्फ बांग्ला बोलने के लिए बांग्लादेशी या रोहिंग्या कैसे कहा जा सकता है? उन बेचारे लोगों पर अत्याचार क्यों किया जा रहा है? क्या अब बांग्ला बोलना जुर्म हो गया है? ममता बनर्जी ने भाषाई भेदभाव की आलोचना करते हुए बांग्ला भाषा की वैश्विक पहचान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बांग्ला पूरे एशिया में दूसरी और दुनिया में पांचवीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। फिर भी हमारे ही देश में बंगालियों को शक की निगाह से देखा जा रहा है। यह पूरी तरह असंवैधानिक और अपमानजनक है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा बार-बार बंगाल में रोहिंग्या घुसपैठ के दावों को खारिज करते हुए चुनौती दी। ममता ने कहा कि केंद्र कहता है कि बंगाल में 17 लाख रोहिंग्या हैं। उन्होंने चुनौती दी कि मुझे इसका प्रमाण दें कि रोहिंग्या कहां हैं। क्या रोहिंग्या लोग बांग्ला भाषा सीखकर आते हैं? उन्होंने पूछा कि बांग्ला बोलने वालों को विदेशी बताने से पहले यह बताएं कि रोहिंग्या को बांग्ला कब से आ गई? उन्होंने ने भाजपा से ठोस तर्क प्रस्तुत करने और रोहिंग्या जैसे बेबुनियाद दावों से बचने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव से पहले 17 लाख मतदाताओं के नाम हटाने और उन्हें उनके लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित करने की एक चाल है। तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 1975 से पहले देश में आए लोगों को बांग्लादेशी नहीं माना जाना चाहिए।

### बंगाल में प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध

ममता ने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों सहित अन्य जगहों से 1.5 करोड़ प्रवासी वर्षों से बंगाल में काम कर रहे हैं। हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वे बंगाल के साथ घुल-मिल गए हैं और राज्य की उस खूबसूरत का हिस्सा हैं, जहां दुर्गा पूजा, ईद, छठ, गुरु नानक जयंती और क्रिसमस जैसे त्योहार समान उत्साह से मनाए जाते हैं और सभी इसमें भाग लेते हैं। ममता ने कहा कि बांग्ला बोलने वालों को राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित और परेशान न किया जाए।

## ममता ने न्यूटाउन में 455 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### निजन्न-सुजन्न हाउसिंग, सुसंपन्न पार्किंग और तरान्न आडिटोरियम जनता को समर्पित

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को न्यूटाउन इलाके में 455.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पांच प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन प्रकल्पों में आवास, पार्किंग, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक सुविधाएं शामिल हैं, जो शहरी बुनियादी ढांचे को नई दिशा देंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मेरा सपना है कि बंगाल के हर नागरिक के सिर पर अपना एक छत हो। हमने जो कुछ भी किया है, वह जनता की जरूरतों को समझकर किया है। मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया, उसमें न्यूटाउन में निजन्न और सुजन्न नामक दो अत्याधुनिक हाउसिंग काम्प्लेक्स भी शामिल हैं, जिनमें कुल 1210 फ्लैट बनाए गए हैं। ममता ने कहा कि ये जी प्लस 14 मंजिला इमारतें पूरी तरह से राज्य सरकार की जमीन पर बनी हैं और फ्लैट बाजार दर से कम कीमत पर दिए जाएंगे। फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल जल्द होगा सस्ता, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिया इशारा

**नई दिल्ली :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा 65 डॉलर के आसपास बनी रहीं तो तीन-चार महीनों में देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में कमी आ सकती है। देश में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर आयोजित सबसे बड़े सेमिनार 'ऊर्जा वार्ता-2025' को संबोधित करते हुए पुरी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र की सभी तेल कंपनियों के पास 21 दिनों का भंडार है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

# आज प्रधानमंत्री मोदी की दुर्गापुर में जनसभा

## पीएम 5 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और इस दौरान दुर्गापुर में भाजपा की ओर से आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर वह राज्य के लिए पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं की भी शुरुआत करेंगे। राज्य में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 'प्रधानमंत्री बिहार से दुर्गापुर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां वह विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। इसके बाद, वह पार्टी द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने बंगाल दौरे के दौरान तेल और गैस अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए बांकुड़ा और पुरुलिया जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड



(बीपीसीएल) की लगभग 1,950 करोड़ रुपये की नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर 1,190 करोड़ रुपये की लागत से महत्वाकांक्षी जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन (पीएम ऊर्जा गंगा) परियोजना के तहत बिछाई गई दुर्गापुर-हल्दिया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के 132 किलोमीटर लंबे दुर्गापुर-कोलकाता खंड को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी इस अवसर पर स्वच्छ ऊर्जा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दामोदर घाटी निगम के अंतर्गत दुर्गापुर इस्पात ताप विद्युत केंद्र और रघुनाथपुर ताप विद्युत केंद्र में स्थापित फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणालियों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री पुरुलिया में 390 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 36 किलोमीटर लंबी पुरुलिया-कोटशिला रेल लाइन के दोहरीकरण का उद्घाटन करेंगे। मोदी दुर्गापुर दौरे के दौरान पश्चिम बर्धमान जिले के तोपसिया और पांडबेश्वर में सेतु भारतम कार्यक्रम के तहत 380 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो नए ऊपरगामी सड़क पुलों (आरओबी) का उद्घाटन करेंगे।

# भारत की वायु रक्षा को नई मजबूती: आकाश-प्राइम का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली :** भारत ने लद्दाख में आकाश प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को समुद्रतल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर संचालित करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणालियों के 'असाधारण प्रदर्शन' के बाद आई है। आकाश प्राइम मिसाइल भारतीय सेना के लिए तैयार आकाश हथियार प्रणाली का उन्नत संस्करण है। लद्दाख में मिसाइल का परीक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, ''भारत ने 16 जुलाई को भारतीय सेना के लिए तैयार आकाश हथियार प्रणाली के उन्नत संस्करण आकाश प्राइम ने लद्दाख में ऊंचाई पर दो तेज गति वाले मानव रहित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।''

## भारत ने पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइल का सफलता पूर्वक परीक्षण किया

**बालासोर (ओडिशा) :** भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के तट स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी-2 और अग्नि-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, ''इन प्रक्षेपणों ने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। ये परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किए गए।'' अग्नि-1 का परीक्षण अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जबकि पृथ्वी-2 का परीक्षण कुछ समय बाद चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के लॉन्च पैड संख्या-3 से किया गया।



## विराट कोहली ही जिम्मेदार! कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सौंपी रिपोर्ट

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है। बेंगलरु में 4 जून को आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले यह भगदड़ हुई थी। जो रिपोर्ट सरकार ने हाइकोर्ट में सौंपी है, उसमें कई तरह की गंभीर लापरवाहियों का जिक्र है। गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना में विराट कोहली का नाम भी सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विराट कोहली ने वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की। 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए आरसीबी को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने जिम्मेदार ठहराया था। आरसीबी ने बिना पुलिस की अनुमति के सोशल मीडिया पर अचानक विक्ट्री परेड की घोषणा कर दी, जिससे लाखों की भीड़ जमा हो गई। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## अहमदाबाद विमान हादसा: विदेशी मीडिया की लापरवाही भरी कवरेज से नाराज हुआ एएआईबी, कहा- 'थोड़ा संयम रख लें'

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर लापरवाही भरी मीडिया कवरेज पर एएआईबी ने नाराजगी जाहिर की है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इस मामले में लापरवाही भरी कवरेज की है और शुरुआती तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इससे मामले की जांच प्रभावित हो सकती है। जांच एजेंसी ने लोगों से संयम बरतने को कहा है। वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि कैप्टन ने फ्यूल सप्लाई बंद कर दी थी। इस वजह से हादसा हुआ। हालांकि, जांच रिपोर्ट में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में एएआईबीने विदेशी मीडिया से थोड़ा संयम बरतने की अपील की है। जांच एजेंसी ने कहा कि एएआईबी की जांच और प्रारंभिक रिपोर्ट का उद्देश्य इस बारे में जानकारी प्रदान करना है कि हादसे के समय क्या हुआ था। इस रिपोर्ट को बस इसी तरीके से देखा जाना चाहिए।

# इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

## सूरत दूसरे औंर नवी मुंबई तीसरे नंबर पर



**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। इस बार इंदौर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की सुपर लीग में शामिल किया गया। सुपर लीग में सिर्फ उन्हीं 23 शहरों को शामिल किया गया, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इंदौर ने सुपर लीग 2024-25 में भी बाजी मार ली है। सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बार चार अलग-अलग श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार हासिल करने वाले विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'आप सबने स्वच्छता के राष्ट्रीय महायज्ञ में अपना योगदान दिया है। मैं आप सबकी सराहना करती हूं। स्वच्छ सर्वेक्षण ने हमारे शहरों द्वारा स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के क्षेत्र में एक सफल प्रयोग के रूप में स्वयं को सिद्ध किया है।'

## सीबीआई ने पिछले पांच साल में 134 भगोड़ों की विदेश से वापसी में सफलता हासिल की: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले पांच वर्ष में विदेश से 134 भगोड़ों की वापसी कराने में सफलता हासिल की है, जो 2010 से 2019 के बीच एक पूरे दशक में स्वदेश भेजे गए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंटरपोल के साथ-साथ राज्य और केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित करते हुए, सीबीआई 2020 से इन 134 भगोड़ों का प्रत्यर्पण या निर्वासन कराने में सफल रही है। इनमें से 23 को अकेले इसी वर्ष वापस लाया गया। इसके विपरीत, 2010 से 2019 के बीच केवल 74 भगोड़ों को वापस लाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि सफलता दर में वृद्धि का श्रेय सरकार द्वारा बढ़ाए गए राजनयिक संपर्कों, वीवीआईपी यात्राओं के माध्यम से भारत की पहुंच, द्विपक्षीय संबंधों, तकनीकी प्रगति और इंटरपोल के साथ बेहतर समन्वय को दिया जा सकता है।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की



पटना : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा लोकलुभावन कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की। कुमार ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा करते हुए कहा कि 1.67 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुफ्त बिजली योजना एक अगस्त से प्रभावी होगी। कुमार ने कहा, ''इसका मतलब है कि जुलाई के बिल से ही 125 यूनिट तक बिजली के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।'' उन्होंने यह दावा भी किया, ''हम पहले से ही सभी उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली प्रदान कर रहे हैं।'' सबसे लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश कुमार ''एक राष्ट्र, एक शुल्क'' के समर्थक रहे हैं और दावा करते रहे हैं कि मौजूदा परिस्थितियों में बिहार को ग्रिड से उच्च दर पर बिजली मिल रही है। नीतीश से पहले, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ''200 यूनिट मुफ्त बिजली'' देने का वादा किया था। तेजस्वी की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) राज्य में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख कुमार ने बिहार में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया और कहा कि अगले तीन वर्ष में राज्य में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के माध्यम से अनुमानित 10,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित 'कुटीर ज्योति योजना' का जिक्र किया, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ गरीब लोगों की सहमति से उनके घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएंगे। बाद में, संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को राहत 'मुख्यमंत्री उपभोक्ता सहायता योजना' का एक हिस्सा है।


RP - Sanjiv Goenka Group
Growing Legacies

CESC LIMITED

इस मानसून सुरक्षित रहें

घर से बाहर

- बारिश के दौरान बिजली के खंभों, ढीले तारों या डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स/कियोस्क के पास जाने से बचें।
- तूफान या बारिश के दौरान पेड़ या बिजली की तारों के नीचे खड़े न हों।
- ढीले/ अरक्षित तारों और बिजली के प्रतिष्ठानों को न छुएं।
- अपनी सुरक्षा के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों से बचें।
- बारिश और जल जमाव के दौरान, सहारे के लिए किसी भी मैटेलिक चीज को न छुएं।
- कार्यस्थल पर, उपयोग में न होने पर एसी या अन्य बिजली के उपकरण बंद करना न भूलें।

घर पर

- समय-समय पर घर के तारों और स्विचों की जांच करें - पुराने और खराब तारों को बदलें।
- अपने आंतरिक / परिसर वायरिंग सिस्टम आदि का उचित इन्सुलेशन और अर्थिंग सुनिश्चित करें। सुरक्षा के लिए 'अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर' का उपयोग करें।
- तार के फ़्यूज़ के बजाय 'एमसीबी' का उपयोग करें।
- बिजली के स्विच और उपकरणों को कभी भी गीले हाथों से न छुएं।
- चार्ज करते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।
- बिजली के स्विचों/उपकरणों से जलने की गंध/हल्के झटके के किसी भी संकेत की अवहेलना न करें। तुरंत बंद करें - एक इलेक्ट्रीशियन को बुलाएं।
- भारी बारिश और बिजली गिरने के दौरान, बिजली के उपकरणों को बंद कर दें और उन्हें दीवार के सॉकेट से निकाल दें।
- लटकते कंडक्टरों या तारों को छूने से बचें।
- गीले कपड़े ऊपरी तारों पर या उनके पास न फैलाएं।
- मैटेलिक ग्रिल/खिड़कियों के साथ एक्सटेंशन तार खींचने से बचें।

CESC क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति में 74390 01912 पर WhatsApp करें, CESCAPPS का उपयोग करें या 1912 पर कॉल करें।

## सिर चढ़कर बोल रहा है राहुल गांधी का गुस्सा

राहुल गांधी का गुस्सा एक बार फिर सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार उन्होंने अपना गुस्सा असम के मुख्यमंत्री और कांग्रेस में उनके साथी रहे हिमंत सरमा पर उतारा है। विख्यात अभिनेता राजकुमार का प्रसिद्ध डायलॉग ''जिनके घर शीशे के होते हैं, वो दूसरों के घर पर पत्थर नहीं फेंका करते'' कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी पर सटीक बैठता है। हम बात कर रहे है राहुल गाँधी के उस बहुचर्चित बयान की जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि हिमंत को जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता। राहुल ने असम के चायगांव में पार्टी की बैठक में दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री खुद को 'राजा' समझते हैं, लेकिन वह जल्द ही जेल में होंगे। वहीं, राहुल के इस बयान को लेकर हिमंत ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा, जो खुद देशभर में कई मामलों में जमानत पर हैं, वो दूसरों को जेल भेजने की बात कर रहे हैं।

भाजपा नेताओं को जेल भेजने की बात कोई नई नहीं है। लगातार तीसरा लोकसभा चुनाव हारने के बात कांग्रेस के नेता समय समय पर इस प्रकार के बयान देते रहे है। राहुल गाँधी का वह चर्चित बयान याद कीजिये जिसमें उन्होंने कहा था, अगर राफेल की जांच शुरू हुई, पीएम मोदी जेल जाएंगे। बाद में राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में खेद जताकर माना है कि वह राफेल डील पर आरोप राजनीति से प्रेरित होकर लगा रहे थे। उन्होंने बिना किसी आधार के केन्द्र सरकार की सुरक्षा डील पर सवाल उठाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी बिना सिर पैर के आरोप लगाने में पीछे नहीं रहे है। खरगे भी एक बार यह कह चुके है, अगर हमें 20 सीटें और आ जाती तो ये सारे लोग जेल में होते। ये लोग जेल में रहने के लायक हैं।

राहुल गाँधी को गुस्सा क्यों आता है, यह मंथन का विषय हो सकता है। मगर हमारी सियासत कितनी अज़ब ग़ज़ब है । गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस के गिरते जनाधार से बेहद चिंतित है और देशभर के दौरे कर पार्टी को मज़बूत करने के प्रयास में जुटे है। वैसे हर नेता का दायित्व है वह अपनी पार्टी की साख बनाये, और इसी काम में राहुल लगातार लगे है। राहुल गांधी दिल्ली सहित हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी की हार से हताश है। राहुल लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर है और ऐसा कोई भी मौका नहीं चुकते जब उनके निशाने पर मोदी होते है। यही नहीं राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है।

ऐसा लगता है जैसे स्वस्थ और रचनात्मक बहस का स्थान घृणात्मक और नफरत से ओतप्रोत वाद विवाद ने ले लिया है। राहुल हमेशा मोहब्बत की बात करते है मगर मोदी और आरएसएस के बारे में अपनी नफरत छुपा नहीं पाते। हालाँकि वे कहते है मैं मोदी से नफरत नहीं करता। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल कुछ अधिक ही उत्साहित हो रहे है। उन्हें होना भी चाहिए मगर विदेशी धरती पर जाकर मोदी और संवैधानिक संस्थाओं पर बेसिरपैर के आरोप लगाना देशवासियों के गले नहीं उतरता । राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही है। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है।

कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुँचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिला । राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है। मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। –बाल मुकुन्द ओझा

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 जुलाई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष अष्टमी, 17:00 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 26:12 तक, योग : सुकर्माण, 06:45 तक, सूर्योदय: 5:01, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 23:30, चन्द्रास्त: 11:58, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 10:03 से 11:42

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको नई नौकरी के मिलने से मन काफी खुश रहेगा। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई निवेश को सोच समझकर करना होगा। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को थोड़ा समय से निपटाने की आवश्यकता है। आप किसी काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं।

**कर्क :** आज आपको किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके विरोधी कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आप किसी को परिजन से मेल-मिलाप कराने ले जा सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यवसाय में आपको दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी जीवनसाथी से खूब पटेगी और आप उनको शॉपिंग आदि पर भी लेकर जा सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। करियर में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से अच्छी सफलता मिलेगी। आपको संतान के करियर को लेकर थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आर्थिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा संयम बरतने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। भाई - बहनों से रिश्तों में यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होंगी और सामाजिक क्षेत्रों में आज आप परचम लहराएंगे।

# बिहार : नीतीश ने ग्रामीण संपर्क में सुधार के लिए 21,406 करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत की



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण संपर्क में सुधार के वास्ते बृहस्पतिवार को ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी) के तहत 21,406.36 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं के तहत 11,346 सड़कों और 730 छोटे पुलों का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने पटना के एक अणे मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास से ऑनलाइन माध्यम से इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 'ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम के तहत, एक नया घटक, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना, 2024 में शुरू की गई थी।' इसमें कहा गया है, 'इसके तहत 5,047 सड़कों (कुल लंबाई 8,893 किमी) का निर्माण बृहस्पतिवार को शुरू हुआ, जिसकी कुल स्वीकृत लागत 6,198 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त, 4,079 सड़कों (कुल लंबाई 6,484 किमी) के लिए आधारशिला रखी गई, जिसकी कुल स्वीकृत लागत 5,627 करोड़ रुपये है।' बयान में कहा गया है कि पहले से लागू मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना को आरडब्ल्यूडी द्वारा फिर से नया रूप दिया गया है ताकि संपर्क में सुधार के लिए ग्रामीण सड़कों पर जहां जरूरत है पुलों और पहुंच मार्गों का निर्माण किया जा सके। सीएमओ के मुताबिक, 'इस योजना के तहत 1,859 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत के साथ 409 पुलों पर काम शुरू किया गया है, और राज्य योजना के तहत 48 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ पांच अतिरिक्त योजनाएं भी शुरू की गई हैं। इस योजना के तहत 1,792 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत के साथ 295 पुलों और 279 करोड़ रुपये की लागत के साथ राज्य योजना के तहत 24 अन्य योजनाओं की आधारशिला रखी गई है।' इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडब्ल्यूडी ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण और रखरखाव में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विभाग को इसके प्रयासों के लिए बधाई दी। कुमार ने रेखांकित किया कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशिष्ट), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना और सुलभ संपर्क योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि लोगों के लिए परिवहन को आसान बनाने के लिए गांवों के हर टोले तक पक्की सड़कें हों।

## धर्मांतरण मामला: 'छांगुर बाबा' के सहयोगी की तलाश में गोंडा पहुंची एटीएस



**गोंडा (उप्र) :** बलरामपुर के बहुचर्चित धर्मांतरण प्रकरण के कथित सरगना जलालुद्दीन उर्फ 'छांगुर बाबा' के सहयोगी की तलाश में उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) का एक दल गोंडा पहुंचा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि टीम यहां बुधवार को रमजान नामक व्यक्ति की तलाश में आई थी, उसकी मृत्यु की जानकारी सामने आने के बाद टीम ने संबंधित रिकॉर्ड और जानकारी एकत्रित की और वापस लौट गई। सूत्रों के अनुसार, धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले के उतरौला निवासी जमालुद्दीन उर्फ 'छांगुर बाबा' के नेटवर्क की जांच के दौरान एटीएस के संज्ञान में गोंडा जिले के गांव रेतवागाड़ा निवासी रमजान का नाम आया था जो कभी कव्वाली और जागरण जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में ढोल बजाया करता था। उन्होंने बताया कि 2023 में वह अपने भाई मोहर्रम अली उर्फ आजाद के साथ एक कार्यक्रम में आजमगढ़ गया था जहां धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कुछ सदस्यों ने आयोजन को बाधित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद रमजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि लगभग आठ माह तक जेल में बंद रहने के बाद वह तीन जनवरी 2024 को जमानत पर रिहा हुआ।

## उत्तर प्रदेश में आठ वर्ष में पुलिस के साथ बदमाशों की हुई करीब 15,000 मुठभेड़, 238 अपराधी ढेर



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बीते आठ साल में पुलिस ने करीब 15000 मुठभेड़ों के बाद 30 हजार से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया जबकि गोलीबारी में 238 अपराधियों की मौत हुई और तकरीबन 9000 आरोपी जख्मी हुए। पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्ष में प्रदेश पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए 14,973 अभियान चलाए गए और इस दौरान 30,694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। कृष्ण ने बताया कि इस दौरान पुलिस पर हमला करने वाले 9,467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 अपराधी मारे गये। डीजीपी ने बताया कि सबसे अधिक मुठभेड़ें प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र के मेरठ जोन में हुईं जहां पुलिस ने 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए जबकि गोलीबारी में 2,911 अपराधी घायल हुए। उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किये गये, जबकि 741 अपराधी घायल हुए। कृष्ण के मुताबिक, बरेली ज़ोन में हुई मुठभेड़ों में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए तथा वाराणसी जोन में 2029 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 620 घायल हुए। डीजीपी ने बताया कि कमिश्नरेट में सबसे अधिक मुठभेड़ें गौतमबुद्धनगर में हुईं जहां 1,983 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 1,180 घायल हुए। उनके मुताबिक, गाजियाबाद कमिश्नरेट में मुठभेड़ों के बाद 1,133 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 686 घायल हुए।

## पृथ्वी पर जीवन से सामंजस्य बिठा रहे शुभांशु, लखनऊ को अपने हीरो की प्रतीक्षा



**लखनऊ :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तीन अन्य लोगों के साथ एक सफल अंतरिक्ष मिशन से लौटने के बाद अमेरिका के ह्यूस्टन में हैं और पृथ्वी पर जीवन से सामंजस्य बिठा रहे हैं। उनके पिता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन बिताने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौटे हैं। वह आईआईएस पर जाने वाले पहले भारतीय और अंतरिक्ष में राकेश शर्मा के बाद जाने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। शुक्ला अभी ह्यूस्टन में हैं और उनकी पत्नी कामना और उनका छह वर्ष का बेटा कियाश पहले से वहां हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के हवाले से बताया है कि शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मेडिकल और रि-अडाप्टेशन प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए 23 जुलाई तक अलग थलग रहेंगे। 24 जुलाई से वे इसरो के साथ बातचीत शुरू करेंगे। शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल ने लखनऊ में पीटीआई को बताया, उन्होंने (शुभांशु) कहा है कि पृथ्वी पर जीवन के साथ सामंजस्य बनाने के लिए उन्हें बहुत देखभाल की जरूरत है और यह देखभाल की जा रही है। टेलीफोन से बातचीत में शुभांशु इस उपलब्धि पर खासा उत्साहित दिखे क्योंकि यह उपलब्धि देश के लिए काफी मायने रखती है।

## बिहार: तेजस्वी ने 35 लाख मतदाताओं के पते पर नहीं मिलने के निर्वाचन आयोग के दावे को खारिज किया



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 35 लाख से ज्यादा मतदाताओं के अपने पंजीकृत पतों पर नहीं मिलने के निर्वाचन आयोग के दावे को खारिज कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक 'प्रकोष्ठ' बन गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर दुष्प्रचार कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में निर्वाचन आयोग ने बुधवार को जारी एक बयान में दावा किया गया कि आयोग को बिहार में 7.9 करोड़ मतदाताओं में से लगभग सात करोड़ लोगों द्वारा जमा किए गए गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

## पटना के पारस हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर का मर्डर

**पटना:** पटना स्थित एक निजी अस्पताल में हथियारबंद कुछ लोगों ने पैरोल पर जेल से बाहर आए एक हत्याभियुक्त को बृहस्पतिवार को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान बक्सर जिले के निवासी चंदन मिश्रा (36) के रूप में हुई है और वह इलाज के लिए अस्पताल गया था। पुलिस के मुताबिक उसने सभी आरोपियों की पहचान कर ली है और घटना के सिलसिले में पटना और बक्सर से छह संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि पांच हथियारबंद लोग अस्पताल के आईसीयू में घुस रहे हैं और व्यक्ति पर गोलियां चला रहे हैं। 'पीटीआई-भाषा' स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करती है। पुलिस महानिरीक्षक मध्य रेंज (पटना) जितेंद्र राणा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,



'आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम बनाई गई हैं। पुलिस ने चंदन मिश्रा की हत्या में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर ली है। घटना के सिलसिले में पटना और बक्सर से कम से कम छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।' पुलिस अधीक्षक पटना (मध्य) दीक्षा ने कहा, 'हम अस्पताल अधिकारियों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और हत्यारों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।'

## बिहार में 5.76 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम कई स्थानों पर मतदाता सूची में: निर्वाचन आयोग के आंकड़े

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बिहार में यह पाया है कि 5.76 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में शामिल हैं और 12.55 लाख से अधिक मतदाताओं की संभवतः मृत्यु हो चुकी है। राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के बीच, आधिकारिक आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण के दौरान लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 35.69 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं पाये गए। आंकड़ों के अनुसार, 17.37 लाख से अधिक मतदाता संभवतः स्थायी रूप से दूसरे स्थानों पर चले गए हैं। निर्वाचन आयोग ने रेखांकित किया कि आने वाले दिनों में इन आंकड़ों में बदलाव देखने को मिलेगा।

## बिहार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 19 लोगों की मौत



**पटना :** बिहार में पिछले 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सबसे ज्यादा पांच मौत नालंदा में हुईं, उसके बाद वैशाली (चार), बांका और पटना दो-दो लोगों की मौत हुई। बयान में बताया गया कि इसके अलावा, शेखपुरा, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई और समस्तीपुर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और लोगों से खराब मौसम के दौरान पर्याप्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राप्ती नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले में अलग-अलग घटनाओं में राप्ती नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन घटनाओं पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर मंझरिया गांव के पास राप्ती नदी में नहाते समय शैलेंद्र (19) और अभिषेक उर्फ बृजेश (26) नामक दो लोग डूब गए। बुधवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल(एसडीआरएफ) की टीमों ने उनके शव बरामद किये। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, 20 वर्षीय शिवा पांडे भी जीरो पॉइंट कलेसर के पास राप्ती नदी में नहाते समय डूब गया। उसका शव पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### झारखंड के कोडरमा में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**कोडरमा :** झारखंड के कोडरमा जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना कोडरमा थाना क्षेत्र के बंदरचुआं के पास हुई। कोडरमा पुलिस थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि बिहार जा रहे ट्रक के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों सहित चार लोगों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। कुमार ने बताया कि इसके बाद ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा जिससे चालक घायल हो गया।

### राजस्थान के अजमेर जिले में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के अजमेर जिले में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बुधवार आधी रात के बाद दो बजे अजमेर के मांगलियावास थाना क्षेत्र में अजमेर-जयपुर राजमार्ग पर उस समय हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। उसने बताया कि कार में पांच लोग सवार थे जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डीडवाना जिले के चौसला गांव के निवासी सूरज, बजरंग, प्रेमचंद व कमलेश के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रेलवे ने झारखंड के चांडिल में 343.97 करोड़ रुपये की बाईपास लाइन को मंजूरी दी

**कोलकाता :** रेल मंत्रालय ने झारखंड में गुण्डा बिहार और चांडिल के बीच 343.97 करोड़ रुपये की लागत से 10.6 किलोमीटर लंबी बाईपास रेलवे लाइन को मंजूरी दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूरा होने पर एकल लाइन खंड की क्षमता में वृद्धि होगी तथा बढ़ते माल और यात्री यातायात की आवश्यकता पूरी होगी, जिसके अगले दशक में उल्लेखनीय रूप से बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बाईपास लाइन में चांडिल स्टेशन पर एक रेल फ्लाईओवर भी होगा। वर्तमान में चांडिल और नीमडीह के बीच सभी अप और डाउन रेलगाड़ियों में विलंब हो रहा है और रेलगाड़ियों को सतही क्रॉसिंग और रोके जाने से बचाने के लिए एक फ्लाईओवर की आवश्यकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3156

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | ■ | |
| 8 | | | 9 | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | |
| 13 | | ■ | | ■ | 14 | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 15 | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| 19 | | 20 | ■ | | ■ | 21 | | | |
| | ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |

*बायें से दायें:-* 2) जयपराजयहीन, 5) मकान के भग्नावशेष, 7) रज़ामंद, 8) दफा, 10) फूलोंवाला एक पौधा, 11) भाई, 13) गन्ना, 14) अटल संकल्प; जिद, 15) नासमझ, 17) छेना, 19) सतर्कतापूर्ण ध्यान, 21) आहारत्याग, 22) सहायक, 23) मुग्ध होना, 24) विशेष.

*ऊपर से नीचे:-* 1) नतीजा, 2) रसोई का पात्र, 3) रुको; अधिकार; ताकत, 4) तौर तरीक़ा, 5) स्वार्थी, 6) बाल्यावस्था, 9) वह बोरी जिसमें बाँधकर माल भेजा जाता है, 12) चंद्रमा, 13) सच्चा; विश्ससनीय, 16) कृष्ण, 17) प्रतिज्ञा, 18) अंतःपुर, 20) दिल बहलाना, 21) अवधि; विलंब; काल.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | म | चा | ■ | त | ल | क | ■ | नीं | द |
| म | ■ | व | ■ | र | खा | र | खा | व | ■ |
| च | ह | ल | प | ह | ल | ■ | द | ■ | ख़े |
| म | ल | ■ | गा | ■ | ख़ा | ति | र | ज | मा |
| ■ | का | य | र | ता | ■ | ल | ■ | ल्ला | ■ |
| अं | ■ | था | ■ | ली | द | ■ | सा | द | गी |
| त | ना | व | ■ | ■ | ■ | उ | फ़ | ■ | ता |
| र्ग | ■ | का | र्य | क्ष | म | ता | ■ | सि | ■ |
| त | ला | श | ■ | मा | ■ | रू | ढ़ि | वा | दी |

## सुडोकू-पहेली-3113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 6 | 9 | | | |
| | 8 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| 5 | | 8 | | | | 9 | 7 | |
| | | | | | | | | 8 |
| | 4 | | | 8 | 6 | | | 7 |
| | 9 | | | 1 | | 3 | | |
| | 2 | 7 | | | 5 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3112 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 2 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 7 | 5 | 3 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 4 |

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# बिकोशितो बंगाल
# बिकोशितो भारत

## प्रधानमंत्री मोदी का विज़न



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## ₹5,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

### उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पण

**जेएचबीडीपीएल परियोजना का दुर्गापुर-कोलकाता खंड**

लाभ
- घरेलू, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को स्वच्छ, हरित एवं किफायती ईंधन की आपूर्ति
- 29 लाख घरेलू परिवारों एवं 365 सीएनजी स्टेशनों को लाभ होगा
- प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 3 लाख मानव दिवस के रोजगार का सृजन होगा

निर्माण

**पश्चिम बर्धमान के तोपसी एवं पांडवेश्वर में आरओबी का निर्माण**

लाभ
- संभावित टकराव बिंदुओं को समाप्त करने से सड़क सुरक्षा बढ़ेगी
- यातायात प्रवाह में सुधार होगा और देरी में कमी होगी
- सुगम और निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित होगा
- ईंधन की खपत एवं उत्सर्जन कम होगा

फ्लू-गैस डिसल्फराइजेशन

**दुर्गापुर स्टील थर्मल पावर स्टेशन | रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन**

लाभ
- इससे $SO_2$, $NO_2$ और कणिकीय पदार्थ जैसे हानिकारक उत्सर्जन में कमी आएगी
- स्थानीय समुदायों के स्वास्थ्य जोखिम में कमी होगी
- राष्ट्रीय उत्सर्जन मानकों के अनुरूप संचालन
- स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाएगा

**पुरुलिया-कोटशिला रेलखंड का दोहरीकरण (36 किमी)**

लाभ
- जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद की औद्योगिक इकाइयों की रांची और कोलकाता से रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा
- मालगाड़ियों का सुचारु आवागमन सुनिश्चित होगा
- यात्रा समय को कम करेगा और उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाएगा

### शिलान्यास

**पुरुलिया एवं बांकुरा जिलों में शहरी गैस वितरण परियोजना**

लाभ
- 5.5 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराएगा
- सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से परिवहन के लिए स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा
- प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 15 लाख मानव दिवस के रोजगार का सृजन होगा





# श्री नरेन्द्र मोदी
## माननीय प्रधानमंत्री

द्वारा

18 जुलाई 2025 | दोपहर 3:00 बजे | नेहरू स्टेडियम, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल

### गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. सी वी आनंद बोस**
राज्यपाल, पश्चिम बंगाल

**सुश्री ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस

**श्री शांतनु ठाकुर**
केंद्रीय राज्य मंत्री, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग

**डॉ. सुकांत मजूमदार**
केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**श्री सुवेंदु अधिकारी**
नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल विधानसभा

**श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो** — सांसद
**श्री अरूप चक्रवर्ती** — सांसद
**डॉ. शर्मिला सरकार** — सांसद
**श्री कल्याण बनर्जी** — सांसद
**श्रीमती रचना बनर्जी** — सांसद
**श्रीमती माला रॉय** — सांसद
**श्री सुदीप बंद्योपाध्याय** — सांसद
**श्री कीर्ति झा आज़ाद** — सांसद
**श्री जगन्नाथ सरकार** — सांसद
**श्रीमती महुआ मोइत्रा** — सांसद
**श्री समीक भट्टाचार्य** — सांसद

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

# कोलकाता में हॉकर्स को मिलेगा पहचान पत्र, पंजीकृत रेहड़ी-पटरी व्यापारियों को बड़ी राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम ने शहर में हॉकर्स को उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र देने का फैसला किया है। यह कार्य आने वाले दुर्गा पूजा के पहले चरण में लागू की जा रही है, जिसके अंतर्गत लगभग नौ हजार हॉकर्स को पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। यह कार्य अगस्त माह से शुरू होगा और इसे टाउन वेंडिंग कमेटी तथा हॉकर पुनर्वास विभाग मिलकर अंजाम देंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतिक्रमण कर रहे हॉकर्स पर सख्त रुख अपनाया था। इसके बाद, नगर निगम और पुलिस ने मिलकर अवैध हॉकर्स के खिलाफ बड़े पैमाने पर हटाने का अभियान चलाया था। इस दौरान, कई हॉकर्स को सार्वजनिक स्थलों से हटाया गया और अतिक्रमण पर लगाम कसने की कोशिश की गई। 2016 की रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता में हॉकर्स की संख्या करीब 54 हजार थी,



जबकि हॉकर्स संगठनों के अनुसार यह संख्या 60 हजार से अधिक है। सरकार द्वारा किए गए डिजिटल सर्वे में लगभग 15 हजार हॉकर्स की जानकारी, उनकी तस्वीर और आधार कार्ड से लिंक करके दर्ज की गई थी। उन्हीं में से पहले चरण में नौ हजार वैध हॉकर्स को पहचान पत्र दिया जाएगा। दूसरे चरण में वर्ष के अंत या अगले वर्ष की शुरुआत में छह हजार और हॉकर्स को पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कोलकाता नगर निगम के मेयर परिषद सदस्य देबाशीष कुमार ने कहा है कि जो हॉकर्स नियमों का पालन करते हैं, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लेकिन जो अवैध रूप से हॉकरी करते हैं, उनके खिलाफ सख्त अभियान फिर से चलाया जाएगा। हॉकर्स यूनियनों ने राज्य के इस निर्णय का स्वागत किया है और मांग की है कि जो वैध हॉकर्स अभी तक सर्वे में शामिल नहीं हो सके हैं, उन्हें जल्द से जल्द सर्वे के दायरे में लाकर उनका पंजीकरण किया जाए ताकि उन्हें भी पहचान पत्र मिल सके।

## 32 हजार शिक्षक नियुक्ति रद्द मामले को छोड़ हाई कोर्ट के जजों के बेंच में बड़ा फेरबदल

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाइ कोर्ट में 18 जुलाई से लागू होने वाला एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज बनाने के उद्देश्य से जजों के बीच मामलों के बंटवारे में बदलाव किया गया है, जिसमें डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच दोनों स्तरों पर जिम्मेदारियां बदली गई हैं। अब तक ग्रुप दो शिक्षा से संबंधित मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की बेंच में होती थी, अब इन मामलों की जिम्मेदारी न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति अपूर्व सिंह रॉय को सौंपी गई है। इस बदलाव को



शिक्षा क्षेत्र से जुड़े मामलों में नई दिशा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। ग्रुप दो से संबंधित प्राथमिक और अन्य शिक्षा मामलों की सुनवाई अब तक न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य कर रहे थे, अब यह जिम्मेदारी न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज को दी गई है। इससे उम्मीद है कि प्राथमिक शिक्षा से संबंधित मामलों का निपटारा तेजी से हो सकेगा जल्द ही नतीजे पर पहुंच जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण मामला जो कि 32 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द मामले से जुड़ा हुआ है इस मामले में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह मामला पहले की तरह न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की ही बेंच में रहेगा। यह मामला मुख्य न्यायाधीश के विशेष निर्देश पर उन्हें सौंपा गया था और जब तक इस पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक यह मामला उन्हीं के पास रहेगा। अगर न्यायमूर्ति स्वयं इस मामले से हटना चाहें तभी किसी अन्य बेंच को यह सौंपा जा सकता है। इस बदलाव के बाद सभी की निगाहें अब इन नई बेंचों के कामकाज के तरीके और फैसलों पर टिकी है।

### उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में कॉरिडोर में पड़े शव को कुत्ते ने नोंच डाला

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर कॉरिडोर में पड़े एक अज्ञात मरीज के शव को कुत्ते ने नोंच डाला। यह नजारा गुरुवार सुबह मेडिकल कॉलेज के कैंसर विभाग के सामने कॉरिडोर में देखने को मिला है। मामला तूल पकड़ते ही अस्पताल के कर्मचारियों ने आनन-फानन में शव को वहां से हटा दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात मरीज कॉरिडोर में सोते हुए देखा गया था। संभवतः बीमारी के कारण रात में उसकी मौत हो गई। सुबह एक कुत्ते को उसके पैर का एक हिस्सा खाते हुए देखा गया। उत्तर बंगाल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मलिक ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। चिकित्सा केंद्र में लगभग 150 कुत्ते है। कुत्तों को यहां से हटाने के बारे में पहले भी चर्चा हो चुकी है।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म : पीड़ित छात्रा ने दी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा ने अपने दो वरिष्ठ छात्रों एवं एक पूर्व छात्र द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने के लगभग तीन हफ्ते बाद, प्रथम सेमेस्टर (छमाही) की परीक्षा दी। पीड़िता के परिवार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। छात्रा के पिता ने बताया कि 25 जून की घटना के बाद से उसने खुद को सभी तरह के भटकाव से दूर रखा और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा की मुकम्मल तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया। पिता ने कहा कि मेरी बेटी ने जांचकर्ताओं की मदद की और जरूरत पड़ने पर वकीलों एवं राज्य महिला आयोग के सदस्यों से मुलाकात की। इसके बावजूद उसने अपनी परीक्षा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया और खुद को अन्य सभी घटनाक्रमों, खबरों और चर्चाओं से अलग रखा। उन्होंने कहा कि वह एक बहादुर लड़की है और जानती है कि वह अच्छे शैक्षणिक परिणामों से उन सभी को करारा जवाब दे सकती है, जो उस पर उंगली उठा रहे हैं। पिता ने कहा कि वह बुधवार को परीक्षा देने गई थी। उन्होंने बताया कि छात्रा ने कॉलेज की मदद से अपना प्रवेश पत्र हासिल किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर वह परीक्षा छोड़ देती, तो उसे पूरक परीक्षा देनी पड़ती, जो हम नहीं चाहते थे। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं कि पीड़िता सुरक्षित महसूस करते हुए परीक्षा दे सके।

## पीएम मोदी की रैली में शामिल नहीं होंगे दिलीप घोष, बोले... 'मुझे निमंत्रण नहीं मिला'

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा है कि वह दुर्गापुर में आज होने वाली पीएम मोदी की रैली में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे आमंत्रित नहीं किया गया है। बता दें कि दिलीप घोष बंगाल में भाजपा का प्रमुख चेहरा रहे हैं। लेकिन उन्हें कार्यक्रम से बाहर रखना बंगाल भाजपा में बढ़ती गुटबाजी का संकेत है। दिलीप घोष ने कहा कि मैं नहीं जा रहा हूं। मुझे लगता है कि निमंत्रण जोन के आधार पर भेजे गए हैं। जब पीए मोदी कोलकाता जोन में आएंगे, तो मुझे भरोसा है कि मुझे निमंत्रण मिलेगा। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के हवाले से दावा किया कि घोष का नाम गेस्ट लिस्ट में नहीं था।

### राज्य में अगले चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच होनी चाहिए : दिलीप घोष



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद दिलीप घोष ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की व्यापक जांच की मांग की है। गुरुवार की सुबह पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हर राज्य में वोटर लिस्ट की फिल्टरिंग प्रक्रिया होनी चाहिए और बंगाल में भी यही प्रक्रिया जल्द से जल्द अपनाई जानी चाहिए। दिलीप घोष ने दावा किया कि राज्य की मतदाता सूची में 10 प्रतिशत से अधिक नाम फर्जी हैं, जिनमें से कई लोगों के बांग्लादेश से आने का भी संदेह है। उन्होंने कहा कि इन फर्जी नामों को हटाना जरूरी है, नहीं तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि हर असली मतदाता को वोट डालने का न्यायसंगत अवसर देने के लिए मोबाइल आधारित मतदान प्रणाली लागू की जानी चाहिए, ताकि शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो सके। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची संशोधन अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में भी इस तरह की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

## हावड़ा मंडल ने बिना टिकट यात्रियों से वसूला 2.8 लाख से अधिक जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा 16 जुलाई को हावड़ा स्टेशन परिसर में विशेष मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एक व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 58 टिकट जांचकर्मी, 8 आरपीएफ एवं 2 जीआरपी के जवानों की टीम ने भाग लिया। गहन जांच के दौरान कुल 607 मामलों में अनियमितताएं पकड़ी गईं, जिनमें से 468 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इस विशेष कार्रवाई के तहत रेलवे ने 2,80,690 का जुर्माना और शुल्क वसूला, जो हावड़ा मंडल की नियमों के पालन और यात्रियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में रंगों और स्वादों के साथ मनाया गया 'मैंगो टैंगो डे' उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के पूर्व प्राथमिक विभाग में 'मैंगो टैंगो डे' का रंगीन और खुशबूदार उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने उत्साह और उल्लास के साथ हिस्सा लिया। बच्चे पीले रंग के कपड़े पहनकर आम की भांति सज-धजकर स्कूल परिसर को एक जीवंत बाग में बदल दिया। बच्चों ने अपने टिफिन में आम से बने विभिन्न व्यंजन लाए, जिससे वे मौसमी फल के स्वाद का आनंद लेकर एक-दूसरे के साथ साझा करने में लगे रहे। इस कार्यक्रम ने न केवल आनंद का माहौल बनाया, बल्कि छात्रों के बीच एकजुटता और सामूहिक भावना को भी प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र ने 'मैंगो टैंगो डे' पर



कहा, रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में यह आयोजन रंगों, रचनात्मकता और सामूहिक भावना का एक सुंदर उत्सव रहा। हमारे नन्हें विद्यार्थियों को पीले रंग की रंगीन पोशाकों और कल्पनाशील आम-थीम वाले परिधानों में देखकर मन आनंदित हो उठा। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के अनुभव को समृद्ध करते हैं, जहां शिक्षा सांस्कृतिक आनंद और गतिविधियों के साथ जुड़कर एक यादगार यात्रा बन जाती है। हम सभी मिलकर ऐसे मधुर और सीख से भरपूर क्षणों को निरंतर जीवंत बनाएंगे, जिससे शिक्षा एक सुखद अनुभव बनती रहे।

## सियालदह डिवीजन में चलाई जाएंगी 5 नई ईएमयू लोकल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा**

सियालदह डिवीजन ने उपनगरीय यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दमदम कैंट-बनगांव सेक्शन में 5 नई ईएमयू लोकल ट्रेनों की शुरुआत की है। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना के नेतृत्व में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में, डायमंड हार्बर रूट तथा बारासात-बशीरहाट सेक्शन में भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से सियालदह डिवीजन ने तीन स्पेशल ईएमयू सेवाएं सियालदह-डायमंड हार्बर सेक्शन में और दो सेवाएं बारासात-बशीरहाट सेक्शन में शुरू करने का निर्णय लिया है। इन सेवाओं के तहत सोनारपुर से डायमंड हार्बर के लिए ईएमयू स्पेशल सेवा सुबह 5:00 बजे प्रस्थान कर 6:05 बजे पहुंचेगी, डायमंड हार्बर से बालीगंज के लिए ट्रेन सुबह 6:30 बजे रवाना होकर 7:56 बजे पहुंचेगी, बालीगंज से सोनारपुर के लिए सेवा सुबह 8:14 बजे चलकर 8:33 बजे पहुंचेगी, वहीं बारासात से बशीरहाट के लिए ट्रेन सुबह 6:25 बजे रवाना होकर 7:25 बजे पहुंचेगी और बशीरहाट से बारासात के लिए सेवा सुबह 7:35 बजे प्रस्थान कर 8:37 बजे पहुंचेगी। इन अतिरिक्त ईएमयू लोकल ट्रेनों से यात्रियों को राहत मिलेगी।

## डिजीयात्रा के साथ कोलकाता एयरपोर्ट बना और भी स्मार्ट, यात्रियों को मिलेगा पेपरलेस अनुभव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ने यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाने की दिशा में गुरुवार को घरेलू ट्रांसफर गेट पर नई डिजीयात्रा सुविधा की शुरुआत की। इस सेवा का उद्घाटन यात्रियों द्वारा किया गया, जिसमें एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. पी. आर. बेउरिया, एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख हितधारक मौजूद रहे। यह नवीन डिजीयात्रा सेवा आगमन क्षेत्र के बैगेज बेल्ट नंबर 1 के पास स्थापित की गई है और विशेष रूप से घरेलू ट्रांसफर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसका उद्देश्य



चेक-इन प्रक्रिया को तेज और अधिक सुरक्षित बनाना, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और यात्रियों को एक पेपरलेस तथा सहज यात्रा अनुभव प्रदान करना है। डिजीयात्रा फेशियल रिकग्निशन तकनीक पर आधारित है, जो यात्री मूवमेंट को तेजी से संपन्न करने में मदद करती है और भारत सरकार के डिजिटल एविएशन इकोसिस्टम की परिकल्पना को साकार करती है। इस पहल के साथ कोलकाता एयरपोर्ट ने अत्याधुनिक और तकनीक-समर्थित सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया है।

### जादवपुर में टीवी अभिनेत्री से छेड़छाड़ व एसिड फेंकने की धमकी, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर थाना इलाके में एक टीवी अभिनेत्री से छेड़छाड़ और तेजाब से हमले की धमकी देने के मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बुधवार की सुबह करीब 3.30 बजे हुई, जब अभिनेत्री शूटिंग के बाद अपने चार दोस्तों के साथ चाय पीने रुकी थीं। अभिनेत्री की शिकायत के अनुसार, दो नशे में धुत युवक कार से आए और बिना कारण उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब अभिनेत्री और उनके दोस्तों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने अभिनेत्री के साथ बदतमीजी की और छेड़छाड़ की कोशिश की। अभिनेत्री ने बताया कि आरोपियों ने उन पर तेजाब फेंकने की धमकी भी दी। पुलिस के आने के बाद स्थिति नियंत्रण में आई। जादवपुर पुलिस ने अभिनेत्री की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी ओर, आरोपियों ने भी अभिनेत्री के दोस्तों पर हमला करने की शिकायत दर्ज की है। बहरहाल, पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है।

### बर्दवान में एसुस इंडिया का नया एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च

**बर्दवान :** एसुस इंडिया ने आज बर्धमान में अपना एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया। यह नया स्टोर 280 वर्ग फुट में फैला है, जिसमें वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ सहित एसुस के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक और कम्प्यूटर हार्डवेयर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। यह बर्धमान में ब्रांड का पहला स्टोर है और इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में एसुस स्टोर्स की कुल संख्या 18 हो गई है। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी और गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया, ने कहा, भारत में अपने रिटेल नेटवर्क के विस्तार की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। पश्चिम बंगाल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है और बर्दवान जैसे उभरते शहर में नया ब्रांड स्टोर लॉन्च करना, देश के विभिन्न क्षेत्रों के कंज्यूमर्स को हमारे नवीनतम इनोवेशन का एक खास अनुभव देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### एवरैडी ने लॉन्च किया देश का पहला हाइब्रिड टॉर्च

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत के अग्रणी बैटरी एवं फ्लैशलाईट ब्राण्ड एवरैडी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने देश के पहले हाइब्रिड टॉर्च के लॉन्च की घोषणा की हैं कंपनी ने इस ड्यूल-पावर्ड डिवाइस के साथ अपने फ्लैशलाईट पोर्टफोलियो का विस्तार कर लिया है। अपनी तरह का अनूठा यह इनोवेशन बैटरी पर भी चल सकता है और रीचार्ज भी किया जा सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कभी भी लाईट की परेशानी नहीं होगी, फिर चाहे उनके पास बिजली को कोई स्रोत न हो। लॉन्च के अवसर पर अनिरबन बैनर्जी, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''एवरैडी के लिए इनोवेशन बहुत अधिक मायने रखता है। एवरैडी की यह नई पेशकश इनोवेशन एवं भरोसे की विरासत को दर्शाती है, जो उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ बिना रूकावट रोशनी का अनुभव देगी।' नए हाइब्रिड टॉर्च के लॉन्च पर एवरैडी ने बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' के साथ हाथ मिलाया है।

## पूर्व रेलवे के महानिरीक्षक सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने वर्दवान और कटवा स्टेशनों का किया दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आरपीएफ कर्मियों के कल्याण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में पूर्व रेलवे के महानिरीक्षक सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा ने गुरुवार को वर्दवान और कटवा स्टेशनों का दौरा किया।

वर्दवान में उनके आगमन पर आरपीएफ डॉग स्क्वाड परिसर में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर हावड़ा मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (कॉर्डिनेशन), वरिष्ठ डीईएन (कोऑर्डिनेशन) और वरिष्ठ डीईएन (3), हावड़ा भी उपस्थित थे। वर्दवान स्टेशन परिसर में आईजी-कम-पीसीएससी ने शहीद राम शंकर उपाध्याय की स्मृति में निर्मित नए आरपीएफ महिला बैरक का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




कार्यक्रम के दौरान शहीद के परिजनों को विशेष सम्मान भी दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने नव निर्मित आरपीएफ बैरक का निरीक्षण किया और 'सुरक्षा सम्मेलन' की अध्यक्षता की।

अपने संबोधन में उन्होंने यात्रियों, विशेषकर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरपीएफ कर्मियों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। बाद में, आईजी-कम-पी-सीएससी ने आरपीएफ पोस्ट का गहन निरीक्षण करते हुए विभिन्न पंजी और अभिलेखों की समीक्षा की, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और सुरक्षा तैयारियों को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दिन के दूसरे भाग में उन्होंने कटवा स्टेशन का दौरा किया, जहां एक अन्य आरपीएफ महिला बैरक का उद्घाटन किया गया।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब तलब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव न होने को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की पीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर स्पष्ट जवाब मांगा है कि वह छात्र संघ चुनाव को लेकर क्या योजना बना रही है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि हम अस्थायी या अंतरिम कुलपतियों के रहते चुनाव नहीं कराएंगे, क्योंकि ये राजनीतिक नियुक्तियां हैं। हमने इस फैसले को चुनौती दी है। इस पर अदालत ने आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा कहना उचित नहीं है।

राज्य सरकार की ओर से यह भी दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अंतरिम कुलपति कोई नीतिगत निर्णय नहीं ले सकते। इस पर हाईकोर्ट ने सुझाव दिया कि राज्य



सरकार छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी करे, आगे की प्रक्रिया कोर्ट देख लेगा।

न्यायमूर्ति सेन ने यह भी कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों की संचालन समितियों को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त किया जाना चाहिए और इनमें योग्य शिक्षाविदों को शामिल किया जाए ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके।

अदालत ने यह भी कहा कि जिन विश्वविद्यालयों में कुलपति मौजूद हैं, वहां छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। अब नजर इस पर है कि राज्य सरकार दो हफ्ते में कोर्ट को क्या जवाब देती है।

### गोडरेज एआई-पावर्ड फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन के साथ पाएँ नए जैसे कपड़े

**कोलकाता :** गोदरेज की एआई-पावर्ड फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन रेंज अत्याधुनिक तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन के साथ कपड़े धोने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। यह मशीनें हर धुलाई के बाद कपड़ों को नया जैसा बना देती हैं, बेहतरीन वॉश परफॉर्मेंस और सुविधा के साथ। यह वाशिंग मशीन 6.5 किलोग्राम से 10 किलोग्राम तक की क्षमता में उपलब्ध है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों, पारिवारिक आकार और कपड़े धोने की आदतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

## श्रावणी मेला 2025: कांवरियों की सुविधा के लिए आसनसोल मंडल की व्यापक तैयारियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावणी मेला 2025 के दौरान लाखों कांवरियों की संभावित भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने व्यापक और बहु-स्तरीय तैयारियां की हैं। यह एक माह तक चलने वाला धार्मिक आयोजन पूरे देश से श्रद्धालुओं को झारखंड स्थित बैद्यनाथधाम, देवघर की ओर आकर्षित करता है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। भीड़ प्रबंधन के लिए जसीडीह में 55,000 वर्गफुट, देवघर में 6,000 वर्गफुट और बासुकिनाथ में 4,000 वर्गफुट के पंडालयुक्त होल्डिंग और कतारबद्ध क्षेत्र तैयार किए गए हैं। जसीडीह स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया और प्लेटफॉर्मों को भी अपग्रेड किया गया है। यात्रियों को सूचना देने के लिए द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में नया



ट्रेन सूचना बोर्ड, साइनेज और सुविधा बोर्ड लगाए गए हैं।

विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्लेटफॉर्म, होल्डिंग क्षेत्रों व प्रवेश द्वारों पर हजारों ट्यूबलाइट्स व बीएलडीसी पंखे लगाए गए हैं। 250 केवीए डीजी सेट और 500 केवीए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी की गई है। जल सुविधा के लिए अतिरिक्त वाटर कूलर और एयर कूलर भी लगाए गए हैं। प्रचालनिक रूप से विशेष ट्रेनों का संचालन, प्लेटफॉर्म आवंटन की अग्रिम घोषणा तथा पर्याप्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है। साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी, बायो-टॉयलेट्स व मोबाइल टिकटिंग यूनिट की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए 320 आरपीएफ/आरपीएसएफ जवान, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन व डॉग स्क्वाड तैनात किए गए हैं। सिग्नलिंग, दूरसंचार और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली को भी सशक्त किया गया है। इसके अलावा, किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 9046194511 शुरू की गई है। इन समग्र उपायों के माध्यम से आसनसोल मंडल ने श्रावणी मेला 2025 के दौरान सभी श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव प्रदान किया है।

## फियो के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष बिमल बैंगानी ने निर्यातकों की समस्या से केंद्र सरकार को अवगत कराया

**कोलकाता :** पूर्वी भारत के निर्यातकों की समस्याओं से केंद्र सरकार को अवगत कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय निर्यात महासंघ (फियो) पूर्वी भारत के पूर्व अध्यक्ष बिमल बैंगानी ने नयी दिल्ली स्थित वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और विदेश व्यापार महानिदेशक अजय भादू के साथ एक उपयोगी बैठक की। बैठक के दौरान श्री बैंगानी ने पूर्वी क्षेत्र के निर्यातकों के सामने आ रही प्रमुख चुनौतियों और मुद्दों को प्रस्तुत किया और केंद्र सरकार के नीतिगत ध्यान और समर्थन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रमुख बिंदुओं में शामिल थे: 1. आटा मिलों, सॉल्वेंट प्लांट्स, चावल मिलों के साथ-साथ किसानों को बढ़ावा देने के लिए गेहूं



की भूसी और तेलरहित चावल की भूसी के निर्यात की अनुमति आवश्यक है। निर्यात पर प्रतिबंध से पहले, तेलरहित चावल की भूसी की दर 22 रुपये प्रति किलो थी जो वर्तमान में मात्र 9 रुपये प्रति किलो है। बैंगानी ने कहा कि जब निर्यात की अनुमति दी गई थी, तब गेहूं के चोकर की कीमत 28-29 रुपये प्रति किलोग्राम थी, लेकिन वर्तमान में यह 18 रुपये प्रति किलोग्राम है। गेहूं के चोकर के निर्यात से भारत में आटा और मैदा की कीमतों में भी कमी आएगी। 2. एमएसएमई के लिए प्रोत्साहन और समर्थन में वृद्धि, 3. रासायनिक उद्योग को पीएलआई योजना में शामिल करना, 4. छोटे निर्यातकों के लिए निर्यात ऋण सुविधाओं में वृद्धि, 5. जिलों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ने के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का निर्माण, 6. निर्यातकों के लिए सुविधा शुल्क में कमी

भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशक श्री अजय भादू ने गहरी रुचि के साथ चिंताओं को सुना और आश्वासन दिया कि सरकार क्षेत्रीय निर्यातकों का समर्थन करने और उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री बैंगानी ने संवाददाताओं से कहा, केंद्र सरकार से हमें सकारात्मक नीतिगत हस्तक्षेपों की उम्मीद है जो निर्यात को बढ़ावा देंगे और लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाएंगे।

यह बातचीत राष्ट्रीय व्यापार चर्चाओं में क्षेत्रीय आवाज़ों को शामिल करके भारत के निर्यात तंत्र को मजबूत करने की दिशा में सार्थक प्रयासों को दर्शाती है।

## 21 जुलाई की रैली को लेकर हाईकोर्ट सख्त, पूछा...

# 'जनता कितनी देर तक सहती रहेगी? पुलिस कमिश्नर क्या मुचलका देंगे?'

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस की 21 जुलाई को प्रस्तावित 'शहीद दिवस' रैली को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ी नाराज़गी जताई है। इस रैली से जनजीवन प्रभावित होने की आशंका को लेकर वामपंथी वकीलों के एक संगठन ने कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया था। गुरुवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस तीर्थंकर घोष ने तीखी टिप्पणियाँ कीं।

न्यायमूर्ति घोष ने कहा, हम रैली की अनुमति पर आपत्ति नहीं कर रहे, लेकिन क्या आम जनता की परेशानी की कोई सीमा नहीं? जनता कब तक सहन करेगी? उन्होंने यह भी पूछा, क्या कोलकाता पुलिस कमिश्नर मचलक़ा देंगे कि ट्रैफिक जाम नहीं होगा?

राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने सफाई दी कि रैली की अनुमति सभी नियमों के



तहत ली गई है और प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति की यात्राओं में भी ट्रैफिक पर असर पड़ता है। लेकिन कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। जज ने कहा कि सड़कों पर इस तरह की रैलियों से बचना चाहिए और भविष्य में 1 लाख लोगों की क्षमता वाले स्टेडियम जैसे विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए।

**----कोर्ट के निर्देश----**

- **सुबह 11 बजे से पहले रैली में भाग लेने के लिए कोई शहर में प्रवेश नहीं करेगा।**
- **जो लोग पहले से ही रविवार तक कोलकाता में पहुंच जाएंगे, केवल वही रैली में भाग ले सकेंगे।**
- **सड़कों का एक-तिहाई हिस्सा हमेशा खाली रखा जाएगा।**

मामले में याचिकाकर्ता वकील शमीम अहमद ने सवाल उठाया कि आखिर एक दल को रैली की अनुमति कैसे मिल रही है जबकि अन्य को नहीं? उन्होंने बताया कि 16 जुलाई के ट्रैफिक नोटिस में कहा गया है कि मध्य कोलकाता की कई अहम सड़कों पर 20 घंटे तक यातायात बंद रहेगा।

जवाब में सरकारी वकील ने कहा कि ब्रिगेड ग्राउंड की रैली हो या दुर्गा पूजा - सभी मामलों में ट्रैफिक कंट्रोल लागू होता है और नियम सभी दलों के लिए समान हैं।

अंत में हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों के लिए राज्य सरकार को एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए ताकि आम जनता को अनावश्यक कष्ट न हो।

## जलजमाव और जर्जर सड़कों पर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार को दो हफ्ते में उठाने होंगे कदम

**कोलकाता :** भारी बारिश के कारण कोलकाता और आसपास के इलाकों में जलजमाव और टूटी सड़कों की स्थिति पर कोलकाता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने राज्य सरकार को दो हफ्तों के भीतर इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समयसीमा में कोई ठोस पहल नहीं हुई, तो कोर्ट स्वतः संज्ञान ले सकता है। न्यायमूर्ति सेन ने कहा, तारातला से लेकर बजबज तक कई सड़कों की हालत बेहद खराब है। यदि जिला परिषद और लोक निर्माण विभाग समय पर कार्रवाई नहीं करते, तो अदालत को खुद हस्तक्षेप करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि रोगियों को अस्पताल पहुंचाना बेहद मुश्किल हो गया है। जलजमाव हटाने के लिए बहुत अधिक खर्च की आवश्यकता नहीं है-पंप लगाकर भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। हाईकोर्ट की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम ने कहा, सड़कों की हालत खराब है, लेकिन काम भी चल रहा है। भारी बारिश के बीच सड़क मरम्मत संभव नहीं है। हाईकोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्गापुर ब्रिज की मरम्मत की जिम्मेदारी से जुड़ा मामला अभी कोर्ट में लंबित है, इसलिए वहां काम शुरू नहीं हो सका है।

## पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका से न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची हटे, अब सुप्रीम कोर्ट की नई बेंच करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शिक्षक नियुक्ति घोटाले में जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और स्कूल सर्विस कमीशन के पूर्व चेयरमैन सुबीर भट्टाचार्य की जमानत याचिका पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। दरअसल, जस्टिस जयमाल्य बागची इस मामले से खुद को अलग कर लिया। क्योंकि उन्होंने पहले कोलकाता हाईकोर्ट में इसी मामले में पार्थ और सुबीर की जमानत याचिका खारिज की थी। सुबीर भट्टाचार्य के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर आपत्ति जताई और आग्रह किया कि सुनवाई किसी अन्य बेंच को सौंपी जाए। इस पर न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची ने स्वयं घोषणा की कि वे इस मामले की सुनवाई से अलग हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने निर्देश दिया कि अब एक नई बेंच गठित की जाए, जिसमें न्यायमूर्ति बागची शामिल न हों। इस कारण गुरुवार को भी पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर कोई निर्णय नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने पार्थ चटर्जी को नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज की थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

## मुख्यमंत्री ममता के खिलाफ दर्ज नहीं होगा केस, मुंबई की अदालत ने खारिज की याचिका

**मुंबई/कोलकाता :** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने का केस दर्ज नहीं किया जाएगा। मुंबई की एक अदालत ने एक वकील की ओर दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मुकदमे के लिए सरकारी प्राधिकारी से मंजूरी नहीं मिली है। इसलिए ऐसा नहीं किया जा सकता। बता दें कि मुंबई के एक वकील ने पिछले साल अदालत में याचिका दायर कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि उन्होंने बार-बार ऐसे बयान दिए हैं। इससे एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं का अपमान हुआ। इन बयानों का इरादा अराजकता और सांप्रदायिक विद्वेष पैदा करना था। याचिका में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने पिछले साल नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ऑन-ड्यूटी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के बाद हुई हिंसा के बाद घृणास्पद बयान दिया था। इस पर, अदालत ने माना कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द कहना) और अन्य के तहत अपराधों का संज्ञान केंद्र या राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना नहीं लिया जा सकता। इसका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में जिक्र है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (गिरगांव अदालत) एसआर निमसे ने पिछले महीने पारित आदेश में कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ वर्तमान शिकायत में ऐसी कोई मंजूरी रिकॉर्ड में नहीं है। अदालत ने कहा कि इसलिए वह अपराध दर्ज करने का आदेश नहीं दे सकती और शिकायत खारिज कर दी।

**Notice Inviting e-Tender**
**Ref e-NIT No.: 2025_ZPHD_879786_1 to 11.**
An e-Tender (**Notice Memo No.- 509, Date: 17.07.2025**) containing Eleven number of schemes for Construction work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 33.00 lakhs. Fund- 15th CFC(Tied Grant) 2025-26.**
Bid Submission End on: **28.07.2025 at 06:00 PM.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
**Sd/-**
**Executive Officer**
**Kalna-II Panchayat Samity**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

## हाई कोर्ट ने 21 जुलाई को सिलीगुड़ी में भाजपा की रैली को दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा को 21 जुलाई को सिलीगुड़ी में रैली और सभा आयोजित करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष ने भाजपा की याचिका पर सुनवाई करते हुए रैली की अनुमति दी, लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई शर्तें भी लगाईं। अदालत ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम में अधिकतम 10,000 लोग ही शामिल हो सकते हैं और प्रत्येक समूह में 100 से अधिक लोग नहीं होंगे। रैली सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ही आयोजित की जा सकेगी। भाजपा ने मूल रूप से उत्तरकन्या (उत्तर बंगाल सचिवालय) तक मार्च निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन अदालत ने इसे सिलीगुड़ी के चुनाभट्टी मैदान तक सीमित रखने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने तब हाई कोर्ट का रुख किया जब पुलिस ने तय रूट पर रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया। राज्य सरकार ने अदालत में तर्क दिया कि टीएमसी की कोलकाता रैली को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग 21 जुलाई को यात्रा करेंगे, जिससे भीड़भाड़ और यातायात अवरोध की आशंका है। हालांकि, अदालत ने कहा कि चूंकि टीएमसी की रैली कोलकाता में है, इसलिए यह माना जा सकता है कि उसमें शामिल होने वाले लोग उस समय तक राजधानी पहुंच चुके होंगे जब सिलीगुड़ी में भाजपा की रैली शुरू होगी। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि रैली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की होगी।

## पलाशीपाड़ा में जालंगी नदी के पास नवजात का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के पलाशीपाड़ा थाना अंतर्गत जालंगी नदी के पास गुरुवार को एक नवजात का शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में तीव्र उत्तेजना फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में क्षेत्र के निवासी जालंगी नदी में स्नान करने गए थे, तभी उन्होंने घाट के पास पानी के नीचे एक नवजात का शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने आकर बच्चे के शव को बरामद किया और उसे अस्पताल ले गई। यह स्पष्ट नहीं है कि यह अपराध किसने और क्यों किया। हालांकि, प्रारंभिक अनुमान यह है कि बच्चे को रात के अंधेरे में छोड़ दिया गया था। नवजात पूरी रात उसी हालत में पड़ा रहा। प्रारंभिक अनुमान यह है कि इसी वजह से उसकी मौत हुई। हालांकि, इस बात को लेकर भी सवाल हैं कि बच्चे की मौत पानी में फेंकने से पहले हुई थी या नहीं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**पूर्व रेलवे**
वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **ई-निविदा सं.:** 103_2025-26, **दिनांक** 15.07.2025, **कार्य का विवरण:** एईएन/बर्द्धमान के क्षेत्राधिकार में एलएचएस नं.: 2 एवं 10 में पम्प रूम का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य तथा वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा की शाखा के अधीन विभिन्न कार्यालय यूनिटों में शौचालय सुविधाओं के साथ नए लेडीज ड्रेस चेंजिंग रूम का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2,26,18,517.16, **बयाना राशि:** रु. 2,63,100/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 06.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-198/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
**1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201**
**Notice Inviting e-Tender**
e-Tender of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful , GST registered bidders for execution the works vide **NIT No- WBMAD/ULB/SRMP/General Fund/NIT-14/2025-26, date-17/07/2025, Number of Works-2** under Serampore Municipality. Bid Submission Start Date (online) : **17/07/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **26/07/2025 at 14.00 P.M.** Bid opening Date for Technical proposals (online) : **28/07/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**
**Sd/-**
**Chairman**
**Serampore Municipality**

### 35,726 शिक्षक के पदों के लिए अब तक पांच लाख से ज्यादा पंजीकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 35,726 सहायक शिक्षक पदों के लिए अब तक 5 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 16 जून को एक ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि को 14 जुलाई से बढ़ाकर 21 जुलाई कर दिया गया है। एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया कि आवेदकों की संख्या पहले ही 5 लाख से ज्यादा हो चुकी है। हमें उम्मीद है कि यह संख्या और बढ़ेगी।

## बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को अन्य राज्यों में निशाना बनाया जा रहा है : मो. सलीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राज्य के बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को अन्य राज्यों में उनकी पहचान के आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस मुद्दे के समाधान के लिए तृणमूल कांग्रेस के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल इन राज्यों में भेजें। इस दिन, पार्टी के राज्य मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए माकपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि आजीविका के लिए देश के भीतर आंतरिक प्रवास एक सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी



समेत कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाया जा रहा है। सलीम ने मांग की कि बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल उन राज्यों में भेजें जहां बांग्ला भाषी लोगों को कथित तौर पर उनकी पहचान को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री ऐसे राज्यों में पार्टी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल क्यों नहीं भेज रही हैं? माकपा नेता ने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा सरकारें तथा विभिन्न संगठन विभिन्न राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रावधान है कि सभी की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कल्याण सुनिश्चित करना केंद्र सरकार का कर्तव्य है। सलीम ने कहा कि बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों को बांग्लादेशी या रोहिंग्या करार दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह देश के नागरिकों में विभाजन पैदा करने का प्रयास है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र संख्या 29/2025**
निविदा सं. **20255011** जिसके खुलने की तिथि **06.08.2025** थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. **EPS/84/2025** के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| Tender No. & Short Description | Tender Opening date | |
|---|---|---|
| 20255011 **Description:** Traction Motor type HS 15250A with earth brush Assly. | Existing Value | Modified Value |
| Item Description | Traction Motor type HS 15250A with earth brush assly. (without axle suspension unit Pinion Gear and Gear case Assly.). Spec.no.4T.CLW/TM/HITACHI15250A, ALT. 6 or latest. | Traction Motor type HS 15250A with earth brush Assly. (without axle suspension unit Pinion Gear and Gear case Assly.). Spec.no. 4T.CLW/TM/HITACHI 15250A, ALT.6 Note: Latest Alteration to spec. as on date of tender publishing shall be applicable. |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## नबान्न की सुरक्षा सख्त: अब बिना अनुमति कोई सिविक वॉलंटियर नहीं जा सकेगा अंदर

**कोलकाता :** मंगलवार को एक सिविक वॉलंटियर द्वारा पुलिस की निगरानी को चकमा देकर नबान्न की 14वीं मंज़िल तक पहुंचने की कोशिश के बाद अब राज्य सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है।

गुरुवार से एक नया आदेश लागू किया गया है, जिसके अनुसार अब कोई भी सिविक वॉलंटियर बिना पूर्व अनुमति नबान्न में प्रवेश नहीं कर सकेगा। उन्हें केवल तभी भीतर जाने की इजाज़त मिलेगी, जब उनके पास वैध पहचान पत्र और प्रशासनिक स्वीकृति होगी।

अब सिविक वॉलंटियरों को भी अन्य आगंतुकों की तरह ही प्रवेश प्रक्रिया का पालन करना



होगा। इसके अलावा, हर दिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सूची पहले से संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। ड्यूटी पर आने वाले पुलिसकर्मियों को भी अपना पहचान पत्र दिखाना होगा, तभी उन्हें प्रवेश और ड्यूटी की अनुमति दी जाएगी।

इस घटना के बाद सचिवालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की चूक न हो सके।

## अब यूनियन रूम की चाबी प्रिंसिपल के पास ही रहेगी, मनमानी पर लगेगी लगाम

### उच्च शिक्षा विभाग ने जारी की सख्त निर्देशिका

**कोलकाता :** साउथ कैल्कटा लॉ कॉलेज में हाल ही में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद राज्य का उच्च शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए विभाग ने कॉलेज और विश्वविद्यालयों में स्थित यूनियन रूम को लेकर एक सख्त निर्देशिका जारी की है।

नवीन आदेश के अनुसार, अब सभी यूनियन रूम बंद रहेंगे जब तक किसी छात्र या संगठन को संबंधित कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन की पूर्व अनुमति न मिल जाए। कॉलेजों में इन कमरों की चाबी प्रिंसिपल या अधिकृत अधिकारी के पास रहेगी, जबकि विश्वविद्यालयों में यह जिम्मेदारी रजिस्ट्रार या नामित अधिकारी की होगी। यदि यूनियन रूम का उपयोग करना आवश्यक हो, तो इसके लिए संबंधित पक्ष को एक लिखित आवेदन देना होगा। अनुमति मिलने पर ही कमरे खोले जाएंगे। यह नियम केवल यूनियन रूम पर लागू होगा, छात्रों के कॉमन रूम पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

गौरतलब है कि अधिकांश कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लंबे समय से छात्र संघ या काउंसिल का गठन नहीं हुआ है। इस स्थिति में यूनियन रूम में अव्यवस्था और अनुशासनहीनता की घटनाएं सामने आई थीं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य के कई संस्थानों ने पहले ही यूनियन रूम बंद कर दिए थे। अब उच्च शिक्षा विभाग ने इसे लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।

## आरजी कर पीड़िता का नाम उजागर करने के लिए पूर्व पुलिस कमिश्नर ने हाई कोर्ट से माफी मांगी

- **कोर्ट ने मामले का किया निपटारा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की पीड़िता का नाम उजागर करने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट से माफी मांगी है। उन्होंने गुरुवार को अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट को एक पत्र भेजा। विनीत गोयल ने 'अनजाने में हुई गलती' के लिए माफी मांगते हुए और खेद व्यक्त करते हुए जस्टिस राजशेखर मंथा की खंडपीठ को एक पत्र लिखा। इस पत्र के मिलने के बाद, खंडपीठ ने विनीत गोयल के खिलाफ दायर अदालत की अवमानना के मामले का निपटारा कर दिया। हालांकि, अदालत ने महसूस किया कि



पुलिस पर इस तरह की घटना का आरोप लगना उचित नहीं है। इसलिए, अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को अपने बल के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की सलाह दी।पूर्व पुलिस कमिश्नर के वकीलों ने केस दर्ज कराने वाले वकील के अधिकार पर सवाल उठाए हैं। साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपनी केस फाइल में आरजी कर पीड़िता की पहचान का संकेत दिया है। सभी पहलुओं की जांच के बाद, अदालत का मानना है कि पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा पीड़िता का नाम जानबूझकर नहीं लिया गया था। उन्होंने एक्साइटमेंट के कारण ऐसा किया था। हालांकि, यह उचित नहीं है। इसलिए, मामले का निपटारा करने के बाद, जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य पुलिस महानिदेशक को सलाह दी कि वे पुलिस बल को ऐसे मुद्दों पर और अधिक प्रशिक्षण या कार्यशालाएं प्रदान करें। पत्र में, पूर्व पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल ने लिखा कि मेरा कोई बुरा इरादा नहीं था। मैं खेद व्यक्त करता हूं। पत्र पढ़ने के बाद जस्टिस मंथा ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या वह इस पत्र से संतुष्ट हैं? याचिकाकर्ता के वकील जय अनंत देहाद्रे ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यहां माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। हम इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के कई आदेशों में इस बात का जिक्र है कि पीड़िता का नाम सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उधर, विनीत गोयल के वकील संदीपन गंगोपाध्याय और मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि इस घटना की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है। यह घटना अचानक हुई। यह किसी को नीचा दिखाने के इरादे से नहीं कहा गया। उन्होंने खेद व्यक्त किया है।

**सियालदह मंडल के तहत अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें और ईएमयू लोकल ट्रेनों की संशोधित समयसूची**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **दिनांक 21.07.2025 से** सोनारपुर-डायमंड हार्बर-बालीगंज और बारासात-बशीरहाट शाखाओं में प्रायोगिक आधार पर निम्नलिखित अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी और सियालदह-नामखाना एवं सियालदह-कैनिंग शाखाओं में मौजूदा ईएमयू स्पेशल ट्रेनों और निर्धारित ट्रेन सेवाओं की समयसूची में मामूली संशोधन किया जाएगा। ट्रेन सेवाओं की अनुमानित कार्यसूची इस प्रकार है:

- **सोनारपुर-डायमंड हार्बर-बालीगंज शाखा में अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाओं की समयसूची:**

| स्टेशन | सोनारपुर-डायमंड हार्बर ईएमयू स्पेशल | डायमंड हार्बर-बालीगंज ईएमयू स्पेशल | बालीगंज-सोनारपुर ईएमयू स्पेशल |
|---|---|---|---|
| बालीगंज | – | 07.56 | ↓ 08.04 |
| सोनारपुर | ↓ 05.00 | 07.34 – 07.35 | 08.26 |
| बारुईपुर | 05.11– 05.12 | 07.20 – 07.21 | – |
| डायमंड हार्बर | 06.05 | ↑ 06.30 | – |

- **34882 सोनारपुर-डायमंड हार्बर लोकल की संशोधित समयसूची:**

| स्टेशन | 34882 सोनारपुर-डायमंड हार्बर लोकल संशोधित समयसूची |
|---|---|
| सोनारपुर | ↓ 04.40 |
| सुभाषग्राम | रुकेगी/04.44 |
| मल्लिकपुर | रुकेगी/04.47 |
| बारुईपुर | 04.51 – 04.52 |
| कल्याणपुर | रुकेगी/04.56 |
| दक्षिण दुर्गापुर | रुकेगी/04.59 |
| होटर | रुकेगी/05.02 |
| धामुया | रुकेगी/05.05 |
| उत्तर राधानगर हाल्ट | रुकेगी/05.08 |
| मगरा हाट | रुकेगी/05.12 |
| बहिरपुया हाल्ट | रुकेगी/05.16 |
| संग्रामपुर | रुकेगी/05.19 |
| देउला | रुकेगी/05.24 |
| नेतड़ा | रुकेगी/05.27 |
| बसुलडांगा | रुकेगी/05.30 |
| गुरुदासनगर | रुकेगी/05.33 |
| डायमंड हार्बर | 05.45 |

- **बनगांव-बारासात-दमदम कैन्टोनमेंट शाखा में मौजूदा ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाएँ जारी रहेंगी:**

| स्टेशन | दमदम कैंट.-बारासात ईएमयू स्पेशल | बारासात-दमदम कैंट. ईएमयू स्पेशल | दमदम कैंट.-बनगांव ईएमयू स्पेशल | बनगांव-बारासात ईएमयू स्पेशल |
|---|---|---|---|---|
| बनगांव | – | – | 20.08 | ↓ 20.20 |
| बारासात | 10.12 | ↓ 17.38 | 18.54 | 21.26 |
| दमदम कैंट. | ↑ 09.45 | 18.03 | ↑ 18.26 | – |

- **बारासात - बशीरहाट शाखा में अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाओं की समयसूची:**

| स्टेशन | बारासात-बशीरहाट ईएमयू स्पेशल | बशीरहाट-बारासात ईएमयू स्पेशल |
|---|---|---|
| बारासात | ↓ 06.25 | 08.37 |
| बशीरहाट | 07.25 | ↑ 07.35 |

- 33368 बनगांव-बारासात लोकल का विस्तार बनगांव-बारासात शाखा में दमदम कैन्टोनमेंट तक :

| स्टेशन | 33368 बनगांव-दमदम कैन्ट. लोकल विस्तार के बाद समयसूची |
|---|---|
| बनगांव | ↓ 07.41 |
| बारासात | 08.48 – 08.49 |
| हृदयपुर | रुकेगी/08.53 |
| मध्यमग्राम | रुकेगी/08.56 |
| न्यू बैरकपुर | रुकेगी/08.59 |
| बिशरपाड़ा कोदालिया | रुकेगी/09.02 |
| बिराटी | रुकेगी/09.05 |
| दुर्गानगर | रुकेगी/09.08 |
| दमदम कैन्टोनमेंट | 09.16 |

- **सियालदह-नामखाना शाखा में मौजूदा ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाएँ जारी रहेंगी और नामखाना-सियालदह ईएमयू स्पेशल की संशोधित समयसूची:**

| सोनारपुर-नामखाना ईएमयू स्पेशल | | | नामखाना-सियालदह ईएमयू स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टेशन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| सोनारपुर | – | 18.35 | नामखाना | – | 05.05 |
| नामखाना | 20.42 | – | सियालदह | 07.41 | – |

- **सियालदह-नामखाना शाखा में मौजूदा निर्धारित ट्रेन सेवाओं की संशोधित समयसूची:**

| स्टेशन | 34791 नामखाना-सियालदह संशोधित समयसूची | 34914 लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना संशोधित समयसूची | 34937 नामखाना-काकद्वीप संशोधित समयसूची | 34981 काकद्वीप-लक्ष्मीकांतपुर संशोधित समयसूची |
|---|---|---|---|---|
| नामखाना | ↓ 04.07 | 05.03 | ↓ 04.35 | – |
| उकिलेरहाट हाल्ट | रुकेगी/04.12 | रुकेगी/04.53½ | रुकेगी/04.40 | – |
| काकद्वीप | रुकेगी/04.18 | रुकेगी/04.47 | 04.46-04.50 | ↓ 04.50 |
| काशीनगर हाल्ट | रुकेगी/04.21½ | रुकेगी/04.40 | – | रुकेगी/04.53½ |
| निश्चिंदपुर | 04.31-04.32 | 04.27-04.33 | – | 05.04-05.05 |
| निश्चिंदपुर मार्केट हाल्ट | रुकेगी/04.34½ | – | – | रुकेगी/05.07½ |
| करंजली | रुकेगी/04.40 | रुकेगी/04.20 | – | रुकेगी/05.13 |
| कुलपी फ्लैग | रुकेगी/04.44½ | रुकेगी/04.15½ | – | रुकेगी/05.17½ |
| उदयरामपुर | रुकेगी/04.48½ | रुकेगी/04.12 | – | रुकेगी/05.21½ |
| लक्ष्मीकांतपुर | 05.03-10 | ↑ 04.07 | – | 05.32 |

अन्य स्टेशनों की समयसूची में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

- **सियालदह-कैनिंग शाखा में मौजूदा ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाएँ जारी रहेंगी और सियालदह-कैनिंग और बालीगंज-सोनारपुर ईएमयू स्पेशल ट्रेनों की संशोधित समयसूची:**

| सियालदह-कैनिंग ईएमयू स्पेशल | | | कैनिंग-बालीगंज ईएमयू स्पेशल | | | बालीगंज-सोनारपुर ईएमयू स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्टेशन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| सियालदह | ↓ – | 08.05 | कैनिंग | ↓ – | 09.40 | बालीगंज | ↓ – | 11.39 |
| कैनिंग | 09.15 | – | बालीगंज | 10.45 | – | सोनारपुर | 12.00 | – |

**टिप्पणी:** (1) उपर्युक्त ट्रेन सेवाएँ दिनांक 21.07.2025 से शुरू होंगी। (2) सभी ईएमयू स्पेशल ट्रेन सेवाएँ मार्ग में प्रत्येक स्टेशन पर रुकेंगी।
मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सीबीआई अधिकारी बनकर महिला से 27 लाख की ठगी, कानपुर से आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में एक चौंकाने वाला साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को सीबीआई अधिकारी बनकर चार दिनों तक डिजिटल रूप से बंधक बनाया गया और उसके साथ 27 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के कानपुर से मुख्य आरोपी विशाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर डिवीजन (डीडी) के डीसीपी बिशप सरकार ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को आठ दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। अब तक की जांच में



सामने आया है कि ठगी की गई रकम में से लगभग साढ़े छह लाख रुपये विशाल सिंह के बैंक खाते में जमा हुए हैं। वह इस अपराध का मुख्य योजनाकार बताया जा रहा है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

घटना की शुरुआत अप्रैल महीने में हुई जब पीड़िता ने बी गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 15 से 19 अप्रैल के बीच आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के जरिए उसे मानसिक रूप से बंधक बना लिया और डराकर उसके खाते से 27 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। चार दिनों तक वीडियो कॉल चालू रखकर पीड़िता पर निगरानी रखी गई। मामला साइबर थाना भेजा गया, जहां जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। बैंक खातों की निगरानी और तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम कानपुर पहुंची और वहां से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने अब तक दो लाख रुपये की राशि बरामद कर पीड़िता को लौटाई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## महिला से ऑनलाइन निवेश के नाम पर 39 लाख की ठगी, दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा : हावड़ा की एक महिला को कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर 39 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया। महिला ने हावड़ा साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने दिल्ली के उत्तम नगर से मुख्य आरोपी सुरजीत कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी से छह दिन की रिमांड पर पूछताछ जारी है। डीसी बिशप सरकार ने गुरुवार को बताया कि मार्च महीने में पीड़िता का मोबाइल नंबर एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप में रोजाना कम निवेश पर ज्यादा मुनाफे का दावा किया जाता था। कई लोगों की मौजूदगी वाले इस ग्रुप में दिए गए लालच भरे संदेशों से प्रभावित होकर पीड़िता ने कुल 39 लाख रुपये का निवेश कर दिया। रकम ट्रांसफर होते ही उसे ग्रुप से निकाल दिया गया। पीड़िता ने मई महीने में हावड़ा साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई, जिससे जांच में थोड़ी देरी हुई। पुलिस ने तकनीकी जांच और बैंक खातों की ट्रैकिंग के जरिए सुराग जुटाए और आखिरकार उत्तम नगर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि सुरजीत कुमार न केवल इस ठगी का मास्टरमाइंड है बल्कि वही व्हाट्सएप ग्रुप का एडमिन भी था। पुलिस के अनुसार, उसके बैंक खाते में 15 लाख 74 हजार रुपये जमा हुए हैं। पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।**

## डिजिटल अरेस्ट अपराध में 9 लोग दोषी करार, आज कल्याणी उपजिला न्यायालय करेगा सजा का ऐलान

❑ सभी आरोपी दूसरे राज्य के निवासी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला की कल्याणी पुलिस और कोर्ट ने साइबर अपराध में मिसाल कायम की है। दरअसल, कल्याणी उपजिला कोर्ट ने पूरे देश में डिजिटल अरेस्ट अपराध में पहली सजा का ऐलान किया है। जज ने 9 लोगों को दोषी करार दिया है। सभी दोषी दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। पुलिस ने 2,000 पन्नों का आरोप पत्र पेश किया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों को दोषी पाया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल कल्याणी साइबर क्राइम पुलिस को एक सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक से करीब 1 करोड़ रुपये की ठगी की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वह डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुआ था। अपराधियों ने उससे कदम दर कदम करोड़ों रुपये की ठगी की। जांच के दौरान कल्याणी साइबर क्राइम थाने ने पिछले साल 6 नवंबर को कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोग राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें एक महिला भी है। पुलिस ने एक महीने तक विभिन्न जगहों पर छापेमारी के बाद इन्हें गिरफ्तार किया। इनके पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, पैन कार्ड और कई दस्तावेज बरामद हुए थे। आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि जालसाजों ने देश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस को यह भी पता चला कि यह पैसा विदेश भेजा गया था। जांचकर्ताओं को यह भी पता चला कि इस गिरोह का मुखिया कंबोडिया में है। सारी जानकारी जानने के बाद, पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ 2,000 पन्नों का आरोप पत्र पेश किया। शेष चार को एक अन्य मामले में भेज दिया गया। मुख्य मामला कल्याणी उपजिला न्यायालय में दायर किया गया था। सरकार और आरोपियों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने गुरुवार को उन्हें दोषी पाया। सजा आज सुनाई जाएगी।

## तारकेश्वर मार्ग स्थित विश्रामगृह में बनेगा भव्य श्री श्याम मंदिर, भूमि पूजन समारोह संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा तारकेश्वर मार्ग स्थित विश्रामगृह परिसर में एक भव्य श्री श्याम मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इस पावन कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को समाजसेवी एवं दीवान ग्रुप के चेयरमैन मुरारी लाल दीवान के करकमलों द्वारा विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के नेतृत्व और देखरेख में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उपसचिव पवन बंसल एवं सुभाष सावलदावाला, मंदिर कमिटी के संयोजक मनोज चौधरी के उपस्थिति में भूमि पूजन की गयी। इस मौके पर निरंजन कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे। मार्ग दर्शक एवं समाजसेवी राजकुमार बोथरा के दिशा अनुसार श्री श्याम मंदिर का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को समिति के कार्यकर्ता दीपक अग्रवाल (चंदन नगर), उमा शंकर जोशी, सौरव अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद चमरिया, पुनित कनोई, चेतन अग्रवाल, ब्रिजेश मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, विजय गुप्ता, सुभाष चंद्र गोयनका, दुर्शीचंद अग्रवाल, महेश काबरा, जय प्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल (नीम का थाना), विनोद अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, सुमित झुनझुनवाला समेत अन्य लोगों ने उपस्थित रहकर इस कार्य को सफल बनाया। समिति परिवार ने सभी पधारे हुए अतिथियों एवं सहयोगियों का हृदयपूर्वक आभार प्रकट किया।

## तृणमूल की 21 जुलाई की सभा से पहले हावड़ा में पोस्टर फाड़े जाने पर सियासी घमासान

**हावड़ा, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की आगामी 21 जुलाई को धर्मतल्ला में प्रस्तावित सभा से पहले हावड़ा शहर के कई हिस्सों में प्रचार अभियान तेज हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तस्वीर वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स शहरभर में लगाए गए हैं, जिनके जरिए छोटे-छोटे जुलूस निकालकर प्रचार भी किया जा रहा है। इसी बीच मध्य हावड़ा के शिवपुर थाना क्षेत्र स्थित फरसा रोड और जगत बनर्जी रोड पर लगाए गए कुछ होर्डिंग्स को फाड़ दिए जाने से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पार्टी नेताओं ने पुलिस को सूचना दी। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए फूड प्रोसेसिंग मंत्री और हावड़ा



तृणमूल कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरूप राय ने आरोप लगाया कि इसके पीछे बीजेपी और सीपीएम का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में सीपीएम का वोट बीजेपी को ट्रांसफर हुआ था, अब दोनों मिलकर तृणमूल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर दोषियों की पहचान की जाए। हालांकि, पोस्टर में देखा गया कि जिन होर्डिंग्स पर अरूप राय और गौतम चौधरी के नाम हैं, वे सुरक्षित हैं, जबकि राजीव बनर्जी और सुजय चक्रवर्ती से जुड़े पोस्टर फाड़े गए हैं। इस पर भाजपा नेता उमेश राय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह तृणमूल की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में पुराने नेताओं की वापसी के चलते दो गुट बन चुके हैं और यही टकराव सड़कों पर नजर आ रहा है। राजीव बनर्जी ने इसे विपक्ष की साजिश बताया और कहा कि विरोधी तृणमूल के आंतरिक कलह का झूठा प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसी चालें कभी सफल नहीं होंगी।

### जीआरएसई ने हादसे की शुरू की जांच, परिवार के प्रति जताई संवेदना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजाबागान थाना अंतर्गत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में गत बुधवार को हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत व एक व्यक्ति के घायल होने की घटना में संस्था ने बयान जारी किया है। गुरुवार को जारी बयान में कहा गया है कि 16 जुलाई को शिपयार्ड परिसर में हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर हमें गहरा खेद है, जिसमें हमारे एक ठेकेदार के दो कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को तुरंत शहर के एक अस्पताल ले जाया गया, बाद में ठेकेदार के एक कर्मचारी की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। हमने घटना की जांच शुरू कर दी है और अधिकारियों व स्थानीय निकायों के साथ उचित सहयोग भी कर रहे हैं। इस कठिन समय में, हम ठेकेदार के दिवंगत कर्मचारी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

## पत्नी की हत्या और शव को टुकड़े-टुकड़े करने के मामले में 11 साल बाद पति समेत 3 लोग बरी

कोलकाता, समाज्ञा : पति ने अपने विवाहेतर संबंध के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसके शव को टुकड़े-टुकड़े कर पार्किंग लॉट में फेंक दिया। ऐसे ही आरोपों पर दर्ज एक मामले में सियालदह कोर्ट ने मृतका के पति सुरजीत देब और उसकी प्रेमिका लिपिका पोद्दार और संजय बिस्वास नाम के युवक को मौत की सजा सुनाई थी। घटना के 11 साल बाद, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति सब्बार रशीदी की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि जांच में कई खामियां हैं, सबूत पर्याप्त नहीं हैं। ऐसी जांच के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। बता दें कि यह घटना 20 मई 2014 को हुई थी। सियालदह स्टेशन परिसर में रस्सी से बंधा एक कंबल, एक बड़ा ट्रॉली बैग और एक स्कूल बैग पड़ा था। जीआरपी ने उस ट्रॉली बैग से एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। पता चला कि मृत महिला का नाम जयंती देब है। उस समय, पुलिस ने दावा किया था कि पति सुरजीत देब हत्या का मुख्य मास्टरमाइंड था। उसके साथ उसकी प्रेमिका लिपिका पोद्दार और एक युवक संजय बिस्वास भी आरोपी थे। आरोप था कि उसने विवाहेतर संबंध के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करके उसे पार्किंग लॉट में फेंक दिया। सियालदह फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इस मामले में तीनों लोगों को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। बाद में, 2019 में, दोषियों ने फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 6 साल की लंबी सुनवाई के बाद गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। इस दिन, कोर्ट के फैसले से जांच एजेंसियों को मुंह की खानी पड़ी है। न्यायिक व्यवस्था की सुस्ती पर सवाल उठे है। फैसला सुनाए जाने के बाद से दोषी लगातार 11 साल से जेल में हैं। कानूनी समुदाय का एक वर्ग कह रहा है कि यह फैसला न केवल तीनों लोगों की रिहाई है, बल्कि पुलिस जांच की लापरवाही की नंगी तस्वीर भी है। इस बात को लेकर भी चर्चा है कि क्या नए सिरे से जांच शुरू की जाएगी।

समाज्ञा CINE मंत्र

# सलमान के साथ फिर नजर आएंगी रश्मिका मंदाना ?

सुभाष शिरढोनकर

रश्मिका मंदाना ने साल 2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। 4 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने लगभग 36.8 करोड़ की कमाई की और यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

रश्मिका मंदाना की 7 करोड़ के बजट वाली फिल्म 'चमक' (2017) ने 22.3 करोड़ की कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उसी साल आई उनकी एक और फिल्म 'अंजनिपुत्र (2017) महज 17 करोड़ में बनी और इस फिल्म ने 43.4 करोड़ की कमाई की और यह सुपरहिट रही।

फिल्म 'गीता गोविंदम' (2018) में रश्मिका मंदाना ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा संग सिल्वर स्क्रीन शेयर किया था। 20 करोड़ के बजट वाली यह फिल्म करीब 112 करोड़ रुपये कमाई करते हुए ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उसी साल 5 करोड़ के बजट वाली उनकी फिल्म 'चलो' (2018) ने 25 करोड़ की कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

लेकिन रश्मिका की 40 करोड़ के बजट वाली फिल्म 'देवदास' (2018) ने महज 48 की कमाई की और इसे उनकी पहली फ्लॉप करार दिया गया।

साल 2019 में रश्मिका की फिल्म 'यजमान' (2019) ब्लॉकबस्टर रहीं। 25 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने लगभग 52 करोड़ की कमाई की थी। हालांकि उसी साल आई उनकी फिल्म 'डियर कॉमरेड' (2019) फ्लॉप निकली। 35 करोड़ के बजट वाली यह फिल्म ने महज 37 की कमाई ही कर सकी।

महेश बाबू के साथ उनकी 90 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'सरिलेरु नीकेवरु' (2020) ने 227 करोड़ की कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उसी साल उनकी एक और फिल्म 'भीष्मा' (2020) ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। 25 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 50 करोड़ की कमाई की और सुपरहिट साबित हुई।

साल 2021 में रश्मिका मंदाना, फिल्म 'पोगारू' (2021), तमिल फिल्म 'सुल्तान' (2021) और तेलुगु फिल्म 'पुष्पा: द राइज' (2021) में नजर आईं।



25 करोड़ के बजट वाली फिल्म 'पो-गारू'(2021) ने 45 करोड़, 25 करोड़ में बनी फिल्म 'सुल्तान' (2021) ने 40 करोड़ और 200 करोड़ मे बनी पेन इंडिया फिल्म 'पुष्पा द राइज' (2021) ने 365 करोड़ की कमाई की और सुपरहिट साबित हुई।

साल 2022 में रश्मिका मंदाना फिल्म 'आदवालू मीकू जोहारलू' (2022) और 'सीता रामम' (2022) में नजर आईं। 'आदवालू मीकू जोहारलू' (2022) जहां फ्लॉप रही वहीं 30 करोड़ के बजट वाली फिल्म 'सीता रामम' (2022) ने 96 करोड़ की कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'एनिमल' (2023) भी ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। 150 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 901.2 करोड़ की रिकार्ड कमाई करते हुए इतिहास रच दिया। 'एनिमल' (2023) की सक्सेस के बाद रश्मिका मंदाना बॉलीवुड फिल्म मेकर्स की पहली पसंद बन गई ।

पेन इंडिया फिल्म 'पुष्पा: द राइज' (2021) के सीक्वल 'पुष्पा 2 द रूल' (2024) पर जमकर पैसा खर्च किया गया। 500 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 1740.95 करोड़ की कमाई करते हुए ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त में जगह बनाई।

विक्की कौशल संग पीरयड ड्रामा फिल्म 'छावा' (2025) के बाद रश्मिका पहली बार सलमान खान के अपोजिट फिल्म 'सिकंदर' (2025) में नजर आईं।

फिल्म 'किरिक पार्टी' (2016) से लेकर 'सिकंदर' (2025) तक महज 9 साल के करियर में रश्मिका के नाम के साथ 10 ब्लॉकबस्टर 4 सुपरहिट और 2 हिट फिल्मों के नाम दर्ज हैं। उनके खाते में अब तक सिर्फ 4 ही फ्लॉप्स आई हैं।

रश्मिका मंदाना को अपने करियर को लेकर बस एक ही शिकायत है कि सलमान के अपोजिट वाली उनकी फिल्म 'सिकंदर' (2025) को ऑडियंस का उम्मीद के मुताबिक रिस्पॉंस नहीं मिला।

ऐसे में खबर आ रही है कि वह एक बार फिर सलमान के साथ डायरेक्टर एटली की फिल्म में नजर आ सकती हैं। यदि खबरों की माने तो कि इस फिल्म पर काम चल रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जा सकती है।

## राकेश रोशन की गर्दन की एंजियोप्लास्टी, अस्पताल में मौजूद पूरा परिवार

मशहूर फिल्म निर्माता राकेश रोशन को 16 जुलाई को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों के अनुसार, उन्हें अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण अस्पताल ले जाया गया। अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें



आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

### सुनैना ने सेहत के बारे में दी जानकारी

इस बीच राकेश रोशन की बेटी सुनैना रोशन ने अमर उजाला डिजिटल से बातचीत की। उन्होंने कहा, 'हां, पापा की गर्दन की एंजियोप्लास्टी हुई थी, लेकिन अब वो बिल्कुल ठीक हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। वो अब आराम कर रहे हैं।'

### ऋतिक गर्लफ्रेंड के साथ अस्पताल में ही मौजूद

राकेश रोशन के परिवार के सभी मेंबर्स इस समय उनके साथ हैं। बेटा और सुपरस्टार ऋतिक रोशन, ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद और बेटी सुनैना लगातार अस्पताल में मौजूद हैं और उनकी देखभाल कर रहे हैं। जब मीडिया ने ऋतिक की पूर्व पत्नी सुजैन खान से भी संपर्क किया, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि वो परिवार से जुड़ी किसी भी बात पर टिप्पणी नहीं कर सकतीं।

# बेटी के जन्म के बाद सिद्धार्थ और कियारा ने पैप्स को बांटी मिठाई



सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी हाल में माता-पिता बने हैं। अभिनेत्री ने एक बच्ची को जन्म दिया है। अब जोड़े ने पैपराजी से इस खुशखबरी को साझा करते हुए एक प्यारी सी अपील की है, जिस संदेश का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। चलिए जानते हैं आखिर क्या है वो संदेश।

### पैप्स से प्राइवेसी का ध्यान रखने की अपील

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने पैपराजी से पैरेंट्स बनने की खुशी साझा करते हुए उन्हें मिठाइयां बांटी हैं। इस जोड़े ने मिठाई के डिब्बों पर एक प्यारा सा संदेश भी लिखा है, जिसमें उन्होंने पैप्स से प्राइवेसी का ध्यान रखने की बात कही। संदेश में लिखा है, 'कृपया फोटो न खींचे, केवल आशीर्वाद दें।' इसके जरिए जोड़े ने स्पष्ट किया कि इस जश्न के दौरान उनके परिवार के लिए प्राइवेसी मायने रखती है। इस संदेश का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### नेटिजंस ने भी प्राइवेसी की बात कही

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही नेटिजंस की भी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा कि बहुत प्यारा संदेश है ये। दूसरे यूजर ने लिखा कि उनकी प्राइवेसी का सम्मान करें। वहीं एक और यूजर ने बोला कि सही है। इसके अलावा अन्य यूजर्स ने एक्टर्स के प्रति अपना प्यार और सम्मान प्रकट किया है।

### शादी के दो साल बाद बने पैरेंट्स

आपको बताते चलें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी साल 2023 में शादी के बंधन में बंधे थे। कपल ने राजस्थान के जैसलमेर में सूर्यगढ़ पैलेस में शाही अंदाज में शादी की थी। शादी के दो साल बाद एक्ट्रेस ने एक बच्ची को जन्म दिया और दोनों पैरेंट्स बनें। इसमें फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल हुए थे। कपल की लव स्टोरी फिल्म 'शेरशाह' के सेट पर शुरू हुई थी।

# करोड़ों से अब लाखों में सिमटी राजकुमार की फिल्म

राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'मालिक' को रिलीज हुए आज पूरे सात दिन हो हए। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने शुरुआती तीन दिनों तक अच्छी-खासी रफ्तार पकड़ी, लेकिन चौथे दिन से बॉक्स ऑफिस पर इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब हालात ऐसे हैं कि फिल्म की कमाई धीरे-धीरे लाखों में सिमटती जा रही है।

### पहले तीन दिन में किया ठीक-ठाक प्रदर्शन

'मालिक' ने पहले दिन 3.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, जो एक अच्छा शुरुआत माना जा सकता है। दूसरे और तीसरे दिन वीकेंड की वजह से फिल्म की कमाई 5.25 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। लेकिन जैसे ही सोमवार आया, फिल्म का कलेक्शन तेजी से नीचे गिरा। चौथे दिन सिर्फ 1.75 करोड़, पांचवें दिन 2.1 करोड़ और छठे दिन फिर से 1.75 करोड़ का आंकड़ा ही छू सकी।

### सातवें दिन और भी कम हुआ ग्राफ



सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक खबर लिखे जाने तक फिल्म ने सातवें दिन यानी गुरुवार को 'मालिक' ने महज 94 लाख रुपये का ही बिजनेस किया। अब फिल्म की कुल कमाई लगभग 20.79 करोड़ रुपये हो चुकी है। हालांकि स्टार कास्ट और प्रचार को देखते हुए मेकर्स को इससे उम्मीदें कहीं ज्यादा थीं।

### बड़ी रिलीज के बीच फंसी 'मालिक'

इसी शुक्रवार को 'मालिक' के साथ दो और फिल्में भी रिलीज हुई थीं- शनाया कपूर और विक्रांत मैसी की 'आंखों की गुस्ताखियां' और हॉलीवुड की बड़ी फिल्म 'सुपरमैन'। जहां एक ओर 'सुपरमैन' ने दर्शकों को आकर्षित किया, वहीं 'मालिक' और दूसरी फिल्मों की स्क्रीन पर भी इसका असर साफ नजर आया। हॉलीवुड फिल्म की पकड़ बॉक्स ऑफिस पर मजबूत बनी रही, जिससे 'मालिक' को दर्शकों की संख्या में नुकसान झेलना पड़ा।

### कहानी, कलाकार और निर्देशन

फिल्म में राजकुमार राव का दमदार अभिनय आकर्षण का केंद्र रहा है। मानुषी छिल्लर ने भी अपने किरदार से खुद को साबित करने की कोशिश की है। इसके अलावा, प्रोसेनजीत चटर्जी और हुमा कुरैशी ने सपोर्टिंग किरदारों में फिल्म को मजबूती दी है। निर्देशक पुलकित की कहानी में थ्रिल तो है, लेकिन कई जगहों पर स्क्रिप्ट कमजोर पड़ती है, जिसका असर बॉक्स ऑफिस पर भी पड़ा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### म्यांमा के लगभग तीन लाख शरणार्थी मिजोरम से अपने गांव वापस गए

**आइजोल :** म्यांमा से हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में शरण लेने वाले करीब 3,000 शरणार्थी वापस लौट गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चिन नेशनल आर्मी (सीएनए) समर्थित विद्रोही समूहों चिन नेशनल डिफेंस फोर्स (सीएनडीएफ) और चिनलैंड डिफेंस फोर्स (सीडीएफ-हुआलंगोरम) के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद पड़ोसी देश से 4,500 से अधिक शरणार्थियों ने मिजोरम में प्रवेश किया था और चम्फाई जिले के सीमावर्ती गांवों जोखावथर, सैखुम्फई और वैफई में शरण ली थी। ये शरणार्थी म्यांमार के चिन राज्य के निकट सीमावर्ती गांवों के थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जोखावथर गांव में शरण लेने वाले म्यांमा के कुल 2,923 शरणार्थी और वाफाई में रहने वाले 39 अन्य शरणार्थी बुधवार तक अपने देश लौट चुके हैं।

### असम: सीआरपीएफ के शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया

**कोकराझार :** झारखंड में माओवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान का बृहस्पतिवार को असम के कोकराझार जिले स्थित उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। पर्णेश्वर कोच का पार्थिव शरीर सुबह गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई हवाई अड्डे पर लाया गया और वहां से उसे कोकराझार के मगुरमारी गांव स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर शहीद जवान को पुष्पांजलि अर्पित की। पार्थिव शरीर को एक काफिले में गांव ले जाया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कोच को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए।

### कांग्रेस ने अमित चावड़ा को फिर सौंपी गुजरात इकाई की कमान

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को अमित चावड़ा को अपनी गुजरात इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है। चावड़ा ने शक्तिसिंह गोहिल का स्थान लिया है, जिन्होंने पिछले दिनों विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चावड़ा को अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ ही तुषार चौधरी को विधायक दल का नेता बनाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद चावड़ा ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह सिर्फ़ एक पद नहीं है, यह हर गुजराती के लिए लड़ने और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों को बनाए रखने की एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। पार्टी के एक समर्पित सिपाही के रूप में मैं गुजरात को मज़बूत करने, हमारे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और गुजरात में राहुल गांधी जी दृष्टिकोण को जमीन पर उतारने के लिए दिन-रात काम करूंगा।''

### इंफाल जा रहा इंडिगो का विमान तकनीकी गड़बड़ी के कारण वापस दिल्ली लौटा

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनी इंडिगो का इंफाल जा रहा एक विमान बृहस्पतिवार सुबह एक घंटे तक हवा में रहने के बाद तकनीकी गड़बड़ी के कारण वापस राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा, ''17 जुलाई 2025 को दिल्ली से इंफाल जा रही उड़ान 6ई 5118 के रवाना होने के तुरंत बाद मामूली तकनीकी खराबी का पता चला। पायलटों ने एहतियाती कदम उठाते हुए विमान को वापस लौटाने का फैसला किया और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया।'' इंडिगो ने कहा कि अनिवार्य प्रक्रियाओं के अनुसार, विमान की आवश्यक जांच की गई और कुछ ही देर बाद वह फिर से रवाना हो गया। कंपनी ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया।

# भारत के नागरिकों व सेना के साथ छेड़खानी करने पर नतीजे भुगतने पड़ते हैं: अमित शाह



**जयपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की ओर इशारा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसने पूरी दुनिया को यह मजबूत संदेश दिया कि किसी को भी भारत के नागरिक, उसकी सीमा या उसकी सेना से छेड़खानी नहीं करनी चाहिए वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के राज में देश आए दिन आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। शाह ने कहा, ''पहले उरी में हमला हुआ तो मोदी ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की। पुलवामा में हमला हुआ 'एयर स्ट्राइक' की और पहलगाम में हमला किया गया तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखच्चे उड़ा दिए और एक मजबूत संदेश पूरी दुनिया को भेजा कि भारत के नागरिक, भारत की सेना और भारत की सीमा... इनके साथ छेड़खानी नहीं करनी, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मोदी जी ने यह संदेश देकर एक समृद्ध, सुरक्षित और विकसित भारत के स्वप्न को सच्चाई में बदलने का, जमीन पर उतारने का काम किया है।'' गृह मंत्रालय के साथ-साथ सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे शाह अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर जयपुर के दादिया गांव में 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 27 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है।

## चिराग पासवान ने की भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भेंट, बिहार की कानून व्यवस्था पर 'गंभीर चिंता' जतायी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। बाद में, उन्होंने पटना के एक निजी अस्पताल में हत्याभियुक्त की हत्या के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बिहार सरकार पर फिर निशाना साधा। समझा जा रहा है कि दोनों नेताओं ने बिहार के राजनीतिक हालात पर चर्चा की, लेकिन बैठक के विवरण पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। बिहार में कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। पासवान ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति ''गंभीर चिंता'' का विषय बन गई है क्योंकि रोजाना हत्याएं हो रही हैं, अपराधियों का मनोबल ''आसमान छू रहा है'' और पुलिस एवं संपूर्ण प्रशासन की कार्यप्रणाली समझ से परे है। एक अस्पताल के अंदर हत्या की घटना का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि अपराधी कानून के शासन को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।

### उत्तराखंड की सभी सीमाओं पर लगेंगे 251 फुट ऊंचे भगवा ध्वज

**हरिद्वार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को राज्य की सभी सीमाओं पर स्थित प्रवेश द्वारों पर 251 फुट ऊंचे भगवा ध्वज स्थापित करने की घोषणा की जो दुनिया में सबसे ऊंचे धर्म ध्वज होंगे। मुख्यमंत्री ने यहां हरिद्वार में गंगा किनारे धर्म ध्वजा की स्थापना के लिए सांकेतिक रूप से शिलान्यास कर इसकी शुरूआत की। हर की पौड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्रीगंगा सभा, जिला प्रशासन और भारतीय नदी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में इसकी स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस योजना के बारे में बताया कि उत्तराखंड देव भूमि है और राज्य की सीमा के अंदर प्रवेश करते ही व्यक्ति को एक अलौकिक अहसास देने के लिए राज्य की सीमाओं पर विशाल भगवा ध्वज स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, धर्मध्वज की स्थापना का मकसद यह है कि राज्य में प्रवेश करते समय ही व्यक्ति के मन में यह भाव उत्पन्न हो कि वह देव भूमि में प्रवेश कर रहा है।

## हरियाणा: झड़प के मामले में 12 लोगों को आजीवन



**गुरुग्राम :** हरियाणा में नूंह जिले की एक अदालत ने 2020 में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के एक मामले में बृहस्पतिवार को 12 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय कुमार वर्मा की अदालत ने प्रत्येक दोषी के खिलाफ 55,000 रुपये तक का जुर्माना भी लगाया। यह मामला दो समूहों के बीच विवाद से संबंधित है। समूहों के बीच झड़प के दौरान वेदराम नामक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर, 2020 को आटा गांव निवासी त्रिलोक ने गौतम के नौ वर्षीय बेटे की पिटाई कर दी थी, जब गौतम और बीर सिंह ने इस बात को लेकर आरोपी से बात की, तो त्रिलोक ने बीर सिंह को थप्पड़ मारा और उसके साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने बताया कि अगले दिन आटा गांव में हरिजन चौपाल के निकट तीन लोगों की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पिटाई की गई। इसी बीच त्रिलोक और उसके साथियों ने वेदराम पर लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी और ईंटों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि वेदराम को सोहना अस्पताल ले जाया गया और बाद में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर रोजका मेव पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण कोरिया के विशेष दूतों से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया के विशेष दूतों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और कहा कि उस देश के साथ भारत की विशेष रणनीतिक साझेदारी नवाचार और रक्षा से लेकर पोत निर्माण तक बढ़ती जा रही है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि लोकतंत्रों के बीच घनिष्ठ सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देता है। उन्होंने कहा, ''श्री किम बू क्यूम के नेतृत्व में कोरिया गणराज्य के विशेष दूतों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। राष्ट्रपति ली जे म्यांग के साथ अपनी सकारात्मक बैठक को याद किया। भारत-कोरिया गणराज्य विशेष रणनीतिक साझेदारी, जिसके 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं, नवाचार और रक्षा से लेकर जहाज निर्माण और कौशल गतिशीलता तक निरंतर आगे बढ़ रही है।'' दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम कोरिया गणराज्य है।

## भारत ने रूस के साथ व्यापार पर नाटो महासचिव की प्रतिबंध संबंधी धमकी को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट द्वारा नयी दिल्ली के मॉस्को के साथ व्यापार जारी रखने पर प्रतिबंधों की धमकी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने बृहस्पतिवार को इस मामले में ''दोहरे मानदंडों'' के प्रति आगाह किया और जोर देकर कहा कि रूस से उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की गतिशीलता पर आधारित है। रूट ने भारत, चीन और ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर वे रूस के साथ व्यापार करना जारी रखते हैं, तो उन पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेसवार्ता में कहा, ''हमने इस विषय पर खबरें देखी हैं और घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। मैं दोहराना चाहता हूं कि हमारे लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'' उन्होंने कहा, ''इस प्रयास में, हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार कदम उठाते हैं।'' यूक्रेन के खिलाफ हमले के लिए मॉस्को पर पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत, चीन और ब्राजील रूसी कच्चे तेल के प्रमुख खरीदार रहे हैं। रूस के साथ व्यापार का जिक्र करते हुए रूट ने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा, ''इन तीनों देशों- भारत, चीन और ब्राजील- को इस पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह आपको बहुत प्रभावित कर सकता है।''

## क्या गारंटी है कि राहुल गांधी मुझसे पहले जेल नहीं जाएंगे?: हिमंत विश्व शर्मा



**गुवाहाटी :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के यह दावा करने के एक दिन बाद कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भ्रष्टाचार को लेकर जनता जेल में डाल देगी, भाजपा नेता ने बृहस्तिवार को कहा कि क्या गारंटी है कि ऐसा होने से पहले, कांग्रेस नेता सलाखों के पीछे नहीं होंगे। शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्रीय नेता को इस तरह की टिप्पणी करना शोभा नहीं देता। गांधी ने बुधवार को गुवाहाटी के पास चायगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक के दौरान दावा किया था कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार को उनके भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा एवं राज्य की जनता शर्मा को जेल में डाल देगी। कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए शर्मा ने कहा, ''क्या गारंटी है कि राहुल गांधी मुझसे पहले जेल नहीं जाएंगे?'' भाजपा नेता ने कहा, ''किसी राज्य में आकर यह कहना कि वह किसे जेल भेजेंगे या किसे नहीं, एक राष्ट्रीय नेता को शोभा नहीं देता... यह साबित करता है कि मैं कितना महत्वपूर्ण हूं।'' चायगांव बैठक के संबंध में शर्मा ने दावा किया था कि गांधी ने राज्य के शीर्ष पार्टी नेताओं के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में कहा था कि मुख्यमंत्री को जेल भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लिखकर ले लीजिए, हिमंत विश्व शर्मा को निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा' - विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान बिल्कुल यही शब्द कहे।''

## पंजाब: भीख मांगने वाले बच्चों और उनके साथ रहने वाले वयस्कों की होगी डीएनए जांच



**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार ने बच्चों की तस्करी और भीख मांगने के लिए उनके शोषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे सड़कों पर वयस्कों के साथ भीख मांगते पाए जाने वाले बच्चों की डीएनए जांच करवाएं ताकि उनके संबंधों की पुष्टि हो सके। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री बलजीत कौर ने यह आदेश जारी किए। अधिकारियों ने बताया कि अगर कोई बच्चा किसी वयस्क के साथ भीख मांगता हुआ पाया जाता है तो उसके पारिवारिक संबंधों की पुष्टि के लिए डीएनए जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि परिणाम आने तक बच्चा बाल कल्याण समितियों की देखरेख में बाल देखभाल संस्थान में रहेगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अगर डीएनए जांच से यह पुष्टि होती है कि वयस्क और बच्चे का कोई संबंध नहीं है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका में हमला, चोरी करने से वीजा को किया जा सकता है निरस्त: अमेरिकी दूतावास

**नयी दिल्ली :** भारत में अमेरिका के दूतावास ने कहा है कि उसके देश में हमला, चोरी या सेंधमारी करने से (संबंधित व्यक्ति को) न केवल कानूनी दिक्कतें होंगी, बल्कि (उसका) वीजा भी रद्द किया जा सकता है और वह भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य हो सकता है। यह कड़ी चेतावनी सोशल मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो के मद्देनजर आयी है जिसमें कथित रूप से दिख रहा है कि एक भारतीय महिला को पुलिस अधिकारियों ने इसलिए हिरासत में ले लिया, क्योंकि उसने कथित तौर पर अमेरिका में एक उच्च श्रेणी की दुकान से कई सामान चुराने की कोशिश की थी। वैसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किये जा रहे इस वीडियो की प्रमाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। एक संक्षिप्त बयान में, दूतावास ने यह भी कहा कि अमेरिका कानून और व्यवस्था को महत्व देता है और विदेशी आगंतुकों से सभी अमेरिकी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है। यह बयान दूतावास के 'एक्स' हैंडल पर साझा किया गया है। दूतावास ने कहा, '' अमेरिका में हमला, चोरी या सेंधमारी करने से न केवल आपको कानूनी समस्याएं होंगी - बल्कि आपका वीज़ा रद्द भी हो सकता है और आप भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य भी हो सकते हैं।

## फडणवीस की मजाकिया 'पेशकश' के अगले ही दिन उद्धव ठाकरे ने की अपने बेटे संग मुख्यमंत्री से भेंट



**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान उनके बेटे आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। फडणवीस ने एक दिन पहले अपने पूर्व सहयोगी (उद्धव ठाकरे) को (एक कार्यक्रम में) ''इधर आने'' (राजग में शामिल होने) की पेशकश की थी, जिससे राज्य में राजनीतिक अटकलों का दौर शुरू हो गया है। ठाकरे ने आज विधानपरिषद के सभापति राम शिंदे के कक्ष में फडणवीस से मुलाकात की। लगभग आधे घंटे तक चली इस भेंट में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे और वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। बुधवार को विधानपरिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के विदाई समारोह में मुख्यमंत्री ने व्यंग्यात्मक लहजे में उद्धव ठाकरे से कहा था कि भाजपा की उनके साथ विपक्ष में बैठने की संभावना तो नहीं है, लेकिन वह सत्ता पक्ष की तरफ आ सकते हैं।

## भारतीय सशस्त्रबलों को तय समय से काफी पहले मिल जाएंगी एके-203 राइफल: आईआरआरपीएल

**अमेठी :** इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने उत्तर प्रदेश के कोरवा में निर्मित एके-203 असॉल्ट राइफल की सभी 6.01 लाख इकाइयों की आपूर्ति निर्धारित समय से करीब 22 महीने पहले ही कर लेने की योजना बनाई है। बृहस्पतिवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आईआरआरपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एस के शर्मा ने कहा कि इन राइफल की आपूर्ति दिसंबर, 2030 तक ही पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी को 5,200 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत अक्टूबर, 2032 तक भारतीय सशस्त्र बलों को एके-203 शृंखला के 6,01,427 राइफल की आपूर्ति करनी हैं। शर्मा ने कहा, ''अबतक लगभग 48,000 राइफल की आपूर्ति हो चुकी है। अगले दो-तीन हफ्तों में 7,000 और दिसंबर तक 15,000 अतिरिक्त राइफलें भी सौंप दी जाएंगी।'' शर्मा ने कहा कि अमेठी के कोरवा में स्थित कारखाना वर्ष 2026 से हर महीने 12,000 राइफल का उत्पादन करेगा जिससे आपूर्ति लक्ष्य को समय से पहले पूरा किया जा सकेगा। कलाश्निकोव शृंखला की आधुनिक राइफल एके-203 का नियंत्रण रेखा (एलओसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात सैन्यबलों के लिए मुख्य हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। भारत और रूस के बीच एक अंतर-सरकारी समझौते के तहत आईआरअ-ारपीएल का गठन किया गया है। इस संयुक्त उद्यम में 50.5 प्रतिशत हिस्-सेदारी भारत की है जबकि 49.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रूस की है। करीब 8.5 एकड़ के परिसर में संचालित इस उद्यम में फिलहाल 260 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें स्थायी रूसी विशेषज्ञ भी शामिल हैं। आगे चलकर यह संख्या बढ़ाकर 537 की जाएगी, जिनमें 90 प्रतिशत कर्मचारी स्थानीय होंगे। आईआरआरपीएल अबतक 50 प्रतिशत स्वदेशीकरण हासिल कर चुकी है और इसकी दिसंबर तक पहली पूर्ण स्वदेशी एके-203 राइफल देने की योजना है।

## नासिक में कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में सात लोगों की मौत




**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार और एक मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन दंपति और दो-वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई तथा दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात जिले के डिंडोरी कस्बे के निकट वाणी-डिंडोरी मार्ग पर एक नर्सरी (पौधशाला) के पास हुई जिसकी सूचना पुलिस को रात 11 बजकर 57 मिनट पर मिली। अधिकारी ने बताया कि ये सभी रिश्तेदार थे और एक अन्य रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद कार से सारसाले लौट रहे थे। सूचना मिलने के बाद, पुलिस और अन्य एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया।

# मोदी सरकार में दलित और वंचित होना अपराध बन गया है : राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में एक दलित किशोर की हत्या की घटना का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में दलित और वंचित होना अपराध बन गया है। राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि हरियाणा के हिसार में पिछले दिनों 16 वर्षीय दलित किशोर गणेश वाल्मीकि की हत्या कर दी गई और लोगों ने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ' एक्स ' पर पोस्ट किया , '' जब सत्ता मनुवादी सोच की गोद में बैठती है , तो दलितों की जान की कोई कीमत नहीं बचती। हरियाणा के हिसार में दलित किशोर गणेश वाल्मीकि की हत्या और उसके परिवार के साथ हुई बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है । यह भाजपा - आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वह घिनौना चेहरा है जो आज भारत में बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है , जो उन्हें समानता और सम्मान का हकदार नहीं मानता। '' राहुल गांधी ने कहा कि परिजनों का आरोप है कि गणेश की हत्या पुलिस ने की , 9 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और जब परिवार न्याय मांगने गया , तो उल्टा उन्हीं को प्रताड़ित किया गया। उन्होंने दावा किया कि यह कोई इकलौती घटना नहीं है और पिछले 11 सालों में दलितों , आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामले बेलगाम बढ़ गए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह सब इसलिए हो रहा है क्यों कि सत्ता में बैठी भाजपा ने, भेदभाव के लिए हिंसा को खुली छूट दे दी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया , '' मोदी सरकार ने ना सिर्फ़ इन अत्याचारों पर चुप्पी साध ली है , बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करके , पुलिस और प्रशासन को ऐसे अपराधों का हथियार और अपराधियों की ढाल बना दिया है। मोदी के दौर में दलित होना , गरीब होना , वंचित होना मानों अपराध बन गया है। '' उन्होंने कहा कि गणेश वाल्मीकि की मौत सिर्फ एक इंसान की नहीं , संविधान की हत्या है , बाबा साहेब आंबेडकर के सपनों की हत्या है। कांग्रेस नेता ने कहा , '' मैं पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा हूं। यह सिर्फ एक परिवार के इंसाफ की लड़ाई नहीं , यह सामाजिक न्याय और भारत की आत्मा की लड़ाई है। दोषियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो - यही न्यूनतम न्याय है। ''

## हरिद्वार में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, मुख्यमंत्री ने शिव भक्तों के चरण धोए



**हरिद्वार :** हरिद्वार में जारी कांवड़ यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार को शिव भक्त कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्पवर्षा की गयी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके चरण धोकर उनका सम्मान किया। धर्मनगरी हरिद्वार में इन दिनों चारों और भगवा बाना पहने कांवड़ियों की चहल पहल है और हर तरफ 'बोले बम' और 'हर हर महादेव' का नारा गूंज रहा है। रोजाना हजारों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार में गंगा जल लेने के लिए आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हरिद्वार में कांवड़ियों पर आसमान से हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। धामी ने यहां पहुंचकर कांवड़ियों के चरण धोकर उनका सम्मान किया। उन्होंने शिवभक्तों को माला पहनाई और उन्हें फल प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए भगवान शिव के भक्तों की सेवा और सम्मान का मौका मिलने पर स्वयं को सौभाग्यशाली बताया और कहा कि यह बहुत पवित्र, पौराणिक और कठिन यात्रा है जिसमें शिव भक्त सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा करके पवित्र गंगा जल लेने यहां आते हैं और पैदल ही अपने गंतव्य तक पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उनके पैर धोकर स्वागत सम्मान कर रहे हैं। हम भगवान शिव से कांवड़ियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा की कामना करते हैं।

## पहली छमाही में भारतीयों ने दुबई, बाली और बैंकॉक की यात्रा के लिए कराई सबसे ज्यादा बुकिंग

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन होटल बुकिंग मंच ओयो के ऐप पर इस साल पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान भारतीयों ने सबसे अधिक रुचि दुबई, बाली और बैंकॉक की यात्रा पर जाने में दिखाई है। 'ओयो ट्रैवलोपीडिया 2025' के अनुसार, आसान वीजा प्रक्रिया की पेशकश करने वाले इन देशों की बुकिंग में सालाना आधार पर 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दुबई बुकिंग में सालाना आधार पर तीन गुना वृद्धि के साथ सूची में शीर्ष पर रहा जबकि बाली में जोड़ों तथा हनीमून मनाने वालों द्वारा बुकिंग में वृद्धि दर्ज की गई। ओयो ऐप के माध्यम से की गई बुकिंग के लिए औसत यात्रा अवधि दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए पांच से सात दिन और पश्चिम एशिया के लिए तीन से पांच दिन थी, जबकि यूरोप एवं अमेरिका में लंबी दूरी के गंतव्यों के लिए 10-15 दिन की बुकिंग की गई। 'ओयो ट्रैवलोपीडिया 2025' ऐप के माध्यम से की गई 20,000 बुकिंग पर मिली प्रतिक्रियाओं पर आधारित है। ओयो ने कहा, 'रिपोर्ट में 2025 की पहली (जनवरी-जून) छमाही में भारतीय यात्रियों द्वारा वीजा की आसान प्रक्रिया वाले गंतव्यों की बुकिंग में 65 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का उल्लेख किया किया गया है, जो आसान वीजा नीतियों, बेहतर हवाई संपर्क तथा प्रीमियम अनुभवों के लिए बढ़ती मांग से प्रेरित प्राथमिकताओं में बदलाव को रेखांकित करता है। इस सूची में कुछ सबसे लोकप्रिय गंतव्यों में दुबई, बाली और बैंकॉक शामिल हैं।'

# भारत रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंध की आशंका से चिंतित नहीं, वैकल्पिक स्रोतों से खरीद बढ़ाएगा



**नयी दिल्ली :** भारत ने रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति पर अमेरिकी प्रतिबंध लगने की आशंका को ज्यादा महत्व न देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उसे अपने तेल आयात की जरूरतों को वैकल्पिक स्रोतों से पूरा करने का भरोसा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक भारत, रूस से तेल की आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा से निपटने के लिए अन्य देशों से तेल खरीद सकता है। पुरी ने रूस पर संभावित अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, 'मेरे दिमाग में इसे लेकर किसी तरह का दबाव नहीं है। भारत के तेल आपूर्ति के स्रोतों में अब विविधता आ चुकी है। हम पहले 27 देशों से तेल खरीदते थे, अब यह संख्या बढ़कर लगभग 40 हो गई है।' वह हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की तरफ से आयोजित वार्षिक सम्मेलन 'ऊर्जा वार्ता' में शिरकत के लिए आए थे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात से पूरी करता है। परंपरागत रूप से पश्चिम एशिया भारत का मुख्य तेल आपूर्तिकर्ता रहा है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में रूस प्रमुख स्रोत के रूप में उभरकर सामने आया है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय रूस ने कच्चे तेल पर भारी छूट देनी शुरू कर दी थी जिससे भारत जैसे देशों को बहुत फायदा हुआ। आज के समय में भारत के कुल कच्चा तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। पुरी ने कहा कि रूस के अलावा ब्राजील, कनाडा और गुयाना जैसे देशों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति को बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में चेतावनी दी है कि यदि रूस 50 दिन के भीतर यूक्रेन के साथ शांति समझौते तक नहीं पहुंचता है तो रूस से आयात करने वाले देशों पर प्रतिबंध या उच्च शुल्क लगाए जा सकते हैं।

पुरी ने कहा कि भारत घरेलू तेल खोज और उत्पादन को भी तेजी से बढ़ा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, 'मैं बिलकुल भी चिंतित नहीं हूं। अगर कुछ होता है तो हम उससे निपट लेंगे।' इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के चेयरमैन ए एस साहनी ने कहा कि यदि रूस से तेल आपूर्ति बाधित होती है तो भारत यूक्रेन युद्ध से पहले लागू आपूर्ति व्यवस्था की ओर लौट सकता है। उस समय रूस से आयात दो प्रतिशत से भी कम था।

## न्यूज अपडेट

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बॉश ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिए मिलाया हाथ

**नयी दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर उद्योगों के कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए जर्मनी की प्रौद्योगिकी कंपनी रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि दोनों कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और बॉश असम में आगामी 'असेंबली' एवं परीक्षण इकाई और गुजरात के 'फाउंड्री' (कारखाने) में चिप पैकेजिंग तथा विनिर्माण में सहयोग करेंगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणधीर ठाकुर ने कहा, 'यह साझेदारी भारत में एक समग्र सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक परिवेश तैयार करने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसमें दुनिया भर के ग्राहकों के लिए अनुकूल पेशकशें शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा सहयोग वैश्विक मंच पर भारतीय इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र की नेतृत्वकारी स्थिति बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

### भारत, ब्रिटेन अगले सप्ताह व्यापार समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के अगले सप्ताह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देना है। यह चमड़ा, जूते और कपड़े जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटा देगा और ब्रिटेन से व्हिस्की एवं कारों के आयात को सस्ता करेगा, जिससे 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।

## भारतीय लायन अरविंदर पाल सिंह बने लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

■ **लायन स्वाति गोस्वामी को मिली जिला 322बी2 की कमान**



ऑरलैंडो/कोलकाता : भारत के लिए सेवा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। लायन अरविंदर पाल सिंह को विश्वविख्यात संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमेरिका के ऑरलैंडो शहर में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें इस पद पर औपचारिक रूप से नियुक्त किया गया। यह पहला मौका है जब कोई भारतीय इस वैश्विक संस्था के सर्वोच्च पद तक पहुंचा है। अब लायन अरविंदर पाल सिंह के नेतृत्व में संगठन ने मिशन 1.5 की शुरुआत की है, जिसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में सदस्य संख्या को 1.5 मिलियन (15 लाख) तक बढ़ाना है। इस उपलब्धि को लेकर पूरे भारत में लायन समुदाय में जबरदस्त उत्साह है। इसी ऐतिहासिक दिन पर लायन स्वाति गोस्वामी ने लायंस जिला 322बी2 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनकी सेवा, नेतृत्व और प्रतिबद्धता को देखते हुए उनके कार्यकाल से नई दिशा की अपेक्षा जताई जा रही है। लायन नितिन अग्रवाल (वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर खख, 322बी2) ने कहा, यह केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण जागरूकता और खाद्य वितरण जैसी कई सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## भारत को वैश्विक वाहन क्षेत्र का अगुवा बनाने के लिए 'ऑटोमोटिव मिशन' योजना पर काम शुरू



**नयी दिल्ली :** भारी उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने ऑटोमोटिव मिशन योजना 2047 बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह एक रणनीतिक खाका है जो 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारत को वैश्विक वाहन क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए है। यह नवोन्मेष और पर्यावरण अनुकूल पहल पर केंद्रित है। ऑटोमोटिव यानी वाहन मिशन योजना (एएमपी) 2047 के लिए गठित उप-समितियों ने वैश्विक वाहन व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद के लिए क्षेत्रीय विकास, निर्यात और लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर एक बैठक की है। सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों वाली सात उप-समितियां 2030, 2037 और 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप एक व्यापक योजना तैयार करने में योगदान देंगी। भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने कहा, '2047 का दृष्टिकोण कोई आकांक्षा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, निर्यात और उद्योग की प्रगति के ठोस लक्ष्यों के लिए एक रणनीतिक रूपरेखा है। हमें विशिष्ट तकनीकों या कंपनियों से आगे बढ़कर 2047 में भारत की वैश्विक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिसका लक्ष्य नवोन्मेष और गुणवत्ता के माध्यम से वैश्विक वाहन व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है।' इस पहल में विभिन्न मंत्रालय, उद्योग संगठन (सियाम, एसीएमए, सीआईआई), शिक्षा जगत और परीक्षण एजेंसियां शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के मार्गदर्शन में, भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन योजना 2047 तैयार करने की पहल की है। यह 2047 तक विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप एक रणनीतिक रूपरेखा है। उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों और रूपरेखा का निर्धारण करने के लिए आयोजित की गई थी।'

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 375 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 375 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 101 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.21 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी भी 100.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,111.45 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों के अनुकूल नहीं रहे हैं, जिसका असर इसके शेयर पर देखने को मिला। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर लगभग 34 प्रतिशत बढ़कर 1,140.6 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध रूप से बुधवार को 1,858.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एयरटेल ग्राहकों को 'परप्लेक्सिटी प्रो' सेवा एक साल के लिए मुफ्त में मिलेगी

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने अपने 36 करोड़ ग्राहकों को कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सर्च इंजन 'परप्लेक्सिटी' का प्रीमियम संस्करण 12 महीने तक मुफ्त में उपलब्ध कराने की घोषणा की है। परप्लेक्सिटी की भारत में किसी दूरसंचार कंपनी के साथ साझेदारी का यह पहला मौका है। अमेरिका की दिग्गज सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया द्वारा समर्थित मंच परप्लेक्सिटी उपयोगकर्ताओं को बातचीत की शैली में त्वरित और सटीक जानकारी प्रदान करता है। इसके प्रीमियम संस्करण 'परप्लेक्सिटी प्रो' में उपयोगकर्ताओं को जीपीटी-4.1 और क्लॉड जैसे उन्नत एआई मॉडल तक पहुंच, अधिक गहन शोध, तस्वीर तैयार करने, फ़ाइल अपलोड और विश्लेषण जैसी अतिरिक्त क्षमताएं मिलती हैं।




वर्ष 10, पूर्णांक 3300 अंक 110, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in